दैनिक प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999/- में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में


वर्ष :- 03 अंक :- 177 मुरादाबाद, 16 October 2023 (Monday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## द्वितीय नवरात्री

## ब्रह्मचारिणी

दधाना करपद्माभ्यामक्ष मालाकमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।



मां दुर्गा की नौ शक्तियों में से दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्मा शब्द का अर्थ तपस्या से है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप की चारिणी यानि तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यंत भव्य है। इसके बाएं हाथ में कमण्डल और दाएं हाथ में जप की माला रहती है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल प्रदान करने वाला है। इनकी उपासना से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। दुर्गा पूजा के दूसरे दिन इन्हीं की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन स्वाधिष्ठान चक्र में स्थित होता है। इस चक्र में अवस्थित मन वाला योगी उनकी कृपा और भक्ति प्राप्त करता है।

## नवरात्रि के पहले दिन पीएम मोदी ने लोगों को दिया यह सरप्राइज, कहा- सभी लोग उठाएं इसका आनंद






पीएम मोदी ने नवरात्रि की बधाई दी। इसके साथ ही शक्ति देने वाली मां दुर्गा से प्रार्थना की कि सभी लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य लाएं। शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है। आज पहला दिन है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को बधाई दी और उनकी खुशी एवं समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही उन्होंने अपने द्वारा लिखे गए गरबा गाने को भी साझा किया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा, 'नवरात्रि की शुरुआत आज हो गई है। इस मौके पर पिछले सप्ताह के दौरान मेरे द्वारा लिखे गए गरबा को साझा करते हुए खुशी हो रही है।' उन्होंने कहा कि गाने की धुन का सभी लोग आनंद लें। पीएम मोदी ने गरबे को गाने के लिए मीटब्रोज और दिव्या कुमार को धन्यवाद दिया। उन्होंने लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शक्ति देने वाली मां दुर्गा सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, सौभाग्य लाएं। बता दें, नवरात्रि के दौरान गरबा नृत्य किया जाता है। खासकर गुजरात में इसका चलन ज्यादा है।

## मध्य प्रदेश में मिलकर लड़ेंगे सपा-कांग्रेस: अखिलेश-शिवपाल के बीच प्रत्याशी घोषित करने पर चर्चा



सपा ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। इसे लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महासचिव शिवपाल सिंह यादव से चर्चा की। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इसे लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव के बीच गठबंधन के प्रत्याशी घोषित करने को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश के पदाधिकारियों व टिकट के दावेदारों के साथ मुलाकात की।मध्य प्रदेश में 2018 के अंत में हुए विधानसभा चुनाव में सपा ने बिजावर सीट जीती थी, जबकि छह सीटों पर दूसरे स्थान पर रही थी। दूसरे स्थान वाली सीटों पर उसकी मुख्य लड़ाई भाजपा से हुई थी। वर्ष 2003 के विधानसभा चुनाव में सपा के सात विधायक जीते थे। इस बार सपा ने गठबंधन के तहत 10-12 सीटें मांगी थीं। इस मुद्दे पर सपा के प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव और कांग्रेस के एमपी के प्रभारी महासचिव रणदीप सुरजेवाला के बीच कई राउंड की बातचीत हुई।राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक सपा को सात सीटें दी जाएंगी जबकि दो और पर सपा नेताओं ने दावा किया है। यह दावा भी कांग्रेस हाईकमान के सामने प्रस्तुत कर दिया गया है। अंतिम निर्णय वहीं से लिया जाएगा।

# अमित शाह ने अहमदाबाद में बीजेपी विधायक कार्यालय का किया उद्घाटन, आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों से की बातचीत



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को गुजरात पहुंचे हैं। अमित शाह ने रविवार को नारणपुरा विधान सभा के भाजपा विधायक जितेंद्रभाई पटेल के पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी मौजूद थे जबकि कई भाजपा नेता और समर्थक भी मौजूद थे। इससे पहले शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने लोकसभा क्षेत्र गांधीनगर में आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों से बातचीत की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को नारणपुरा विधान सभा के भाजपा विधायक जितेंद्रभाई पटेल के पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी मौजूद थे जबकि कई भाजपा नेता और समर्थक भी मौजूद थे। गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्री तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को गुजरात पहुंचे। इससे पहले शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने लोकसभा क्षेत्र गांधीनगर में आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों से बातचीत की। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर शाह ने लिखा, आज मैं अपने लोकसभा क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों के साथ एक गेमिंग जोन में गया। यहां बच्चों ने अपने पसंदीदा गेम खेलने का आनंद लिया। एक सांसद के तौर पर मेरा प्रयास है कि मेरे लोकसभा क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को वो सभी सुविधाएं और खुशियां मिलें जो संपन्न परिवारों के बच्चों को मिलती हैं। अमित शाह ने ट्वीट में आगे कहा, इसके लिए उन्हें अच्छी शिक्षा और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके बीच खिलौनों का वितरण और उन्हें गेमिंग जोन में ले जाकर उनका मनोरंजन करने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

बच्चों की खुशी और उत्साह देखकर मैं बेहद अभिभूत हूं।卐 इस बीच, शाह शनिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप मुकाबले को देखने के लिए गुजरात के अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दर्शकों के साथ शामिल हुए और शानदार जीत हासिल करने पर भारतीय टीम का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने एक्स के जरिए टीम इंडिया को बधाई भी दी। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''तिरंगा ऊंचाई पर फहरा रहा है। इस शानदार जीत के लिए हमारी क्रिकेट टीम को बधाई। टीम ने एकदिवसीय विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा है।'' उन्होंने आगे कहा, ''आप सभी ने दिखाया है कि एक समान लक्ष्य के साथ निर्बाध टीमवर्क हमारे देश के लिए कितना गौरव हासिल कर सकता है। विश्व कप 2023 जीतने की दिशा में आपके अथक प्रयास के लिए मेरी शुभकामनाएं।''

## 20 करोड़ के विकास कार्यों का सीएम ने किया शिलान्यास और लोकार्पण, चारकोल बनाने वाले प्लांट का हुआ एमओयू

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र के पहले दिन गोरखपुर महानगर को 233.20 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। इस दौरान उनके समक्ष नगर निगम और एनटीपीसी के मध्य कूड़े से चारकोल बनाने के प्लांट की स्थापना के लिए एमओयू भी हुआ। सीएम योगी रविवार सुबह 11 बजे नगर निगम परिसर पहुंचे, जहां उनकी मौजूदगी में नेशनल थर्मल पॉवर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) और नगर निगम के बीच कूड़े से चारकोल बनाने के प्लांट की स्थापना के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। सीएम ने नगर निगम की 303 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण समारोह एवं एमओयू आदान प्रदान समारोह में कहा कि नगरीय विकास आज की आवश्यकता है। भारत को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए नगरीय विकास की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इससे लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ तो मिलेगा ही, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावना भी बढ़ेगी। रविवार सुबह नगर निगम परिसर में आयोजित समारोह में सीएम ने 189 विकास कार्यों का शिलान्यास व 114 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान उनके समक्ष नगर निगम एवं नेशनल थर्मल पॉवर कॉरपोरेशन के बीच कूड़े से चारकोल बनाने का प्लांट स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान प्रदान भी हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि स्मार्ट सिटी की परिकल्पना को साकार करने के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की महती भूमिका है। गोरखपुर नगर निगम ने एनटीपीसी के सहयोग से इस दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है। एनटीपीसी की तरफ से प्लांट लग जाने के बाद नगर निकायों का कूड़ा चारकोल के रूप में बिजली उत्पादन का साधन बनेगा। सीएम ने कहा कि नगरीय विकास के क्षेत्र में अनियोजित और अवैज्ञानिक विकास की सोच ने बड़ी समस्या खड़ी कर दी थी। जगह-जगह कूड़े का पहाड़ दिखता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन ने इस समस्या के निदान में व्यापक और सकारात्मक परिवर्तन किया है। इसी कड़ी में गोरखपुर नगर निगम ने नगरीय जीवन को



स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ आधुनिक तकनीक से वेस्ट को वेल्थ बनाने की पहल की है। स्मार्ट सिटी बनाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

### शहर के एंट्री पॉइंट पर अब नहीं दिखेगा कूड़ा

सीएम ने कहा कि सॉलिड वेस्ट का उचित प्रबंधन न होने से कूड़ा ऐसे ही यहां-वहां फेंक दिया जाता था। शहर के एंट्री पॉइंट पर कूड़े के ढेर के दर्शन होते थे। इससे सिटी के विकास पर पानी फिरता दिखता था। अब ऐसा प्लांट लगने जा रहा है जहां कूड़े से चारकोल, सीएनजी का उत्पादन होगा। एनटीपीसी के इस प्लांट से नगर निगम को 25 सालों में 600 करोड़ रुपये की बचत होगी। बचत के इस रुपये का उपयोग विकास के कार्यों में होगा। 500 टन प्रतिदिन कूड़े की जरूरत वाले इस प्लांट से नगर निगम के साथ ही जिले की तमाम नगर पंचायतों के कूड़े का भी समुचित निस्तारण हो जाएगा। इससे शहर के एंट्री पॉइंट पर कूड़ा नहीं दिखेगा और बाहर से आने वाले लोगों के मन में अच्छा संदेश जाएगा। गोरखपुर साफ और सुंदर दिखेगा तो लोगों के मन में यहां के नागरिकों के प्रति सम्मान का भाव बढ़ेगा। सीएम ने बताया कि एनटीपीसी नगर निगम और सरकारी भवनों पर सोलर पैनल भी लगवाएगा और इससे सोलर सिटी के रूप में भी गोरखपुर की पहचान सुदृढ़ होगी। इसके लिए सीएम ने एनटीपीसी को धन्यवाद दिया।

### नगरीय विकास के मॉडल के रूप में स्थापित हो रहा गोरखपुर

सीएम योगी ने गोरखपुर के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि गोरखपुर नगरीय विकास के मॉडल के रूप में स्थापित हो रहा है। सड़क, जलनिकासी, स्ट्रीट लाइट जैसे बुनियादी कार्यों के साथ बुजुर्गों के केयर सेंटर बन रहे हैं। मियावाकी पद्धति से एक लाख वर्गमीटर में सिटी फॉरेस्ट विकसित किया जा रहा है। सुरक्षा के लिए आईसीसीसी के माध्यम से हर चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी हो रही है। इससे ट्रैफिक ऑटो मोड में चलने के साथ सुरक्षा से कोई खिलवाड़ भी नहीं कर पाएगा। मुख्यमंत्री ने सखाद कारखाना, एम्स, बीआरडी मेडिकल कॉलेज, रामगढ़ताल का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सब गोरखपुर को नई पहचान दे रहे हैं। गोरखपुर की सड़कें चार-छह लेन में विकसित हुई हैं और हो रही हैं। जबकि छह वर्ष पहले यहां लोग जाम में फंसते थे। जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों को नवरात्र की शुभकामनाएं दीं और विकास की सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### सीएम योगी के चलते पूरे देश में गोरखपुर की चर्चा- रविकिशन

इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि सीएम योगी ने गोरखपुर को इंसेफेलाइटिस, माफिया से मुक्त कर विकास के पथ पर अग्रसर किया है। योगी जी के चलते पूरे देश में गोरखपुर की चर्चा है। सीएम योगी के कथनी करनी में कोई अंतर नहीं है। समारोह को विधायक विपिन सिंह ने भी संबोधित किया। स्वागत संबोधन मेयर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव व आभार ज्ञापन नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक प्रदीप शुक्ल, पूर्व मेयर सीताराम जायसवाल, अंजू चौधरी, डॉ. सत्या पांडेय, भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्त आदि की उपस्थिति रही।

### 255 करोड़ से स्थापित होगा कूड़े से चारकोल बनाने का प्लांट

नगर निगम के कार्यक्रम के मंच पर सीएम योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में नगर निगम और एनटीपीसी के विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड के बीच चारकोल प्लांट स्थापित करने का एमओयू हुआ। प्लांट एनटीपीसी की तरफ से लगाया जाएगा। नगर निगम की तरफ से नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल तथा एनटीपीसी की तरफ से सीईओ रेनू नारंग ने एमओयू का आदान प्रदान किया। इस एमओयू के अनुसार एनटीपीसी, नगर निगम की तरफ से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए सहजनवा के सुथनी में ली गई जमीन पर 255 करोड़ रुपये की लागत से 500 टन प्रतिदिन की क्षमता का चारकोल प्लांट लगाएगा। चारकोल बनाने के लिए कूड़े की व्यवस्था नगर निगम की तरफ से की जाएगी।

### सीएम ने किया नारी शक्ति का सम्मान

शारदीय नवरात्र के पहले दिन आयोजित नगर निगम के विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नारी शक्ति का भी सम्मान किया। मिशन शक्ति के तहत सीएम के हाथों सम्मानित होने वाली 10 महिलाओं ने स्वच्छता समेत अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया है। सीएम योगी ने बुकलेट व पोस्टर का विमोचन किया - समारोह के मंच से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईईसी क्रियाकलापों के बुकलेट तथा जीरो वेस्ट त्योहार के पोस्टर का विमोचन किया। गार्बेज कलेक्शन एवं ट्रांसपोर्टेशन के वाहनों को दिखाई हरी झंडी- सीएम योगी ने शास्त्री चौक से नगर निगम के गार्बेज कलेक्शन एवं ट्रांसपोर्टेशन के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के मॉडल का सीएम ने किया अवलोकन- मंच पर आगमन से पूर्व मुख्यमंत्री ने नगर निगम परिसर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के मॉडल का अवलोकन किया। उन्होंने बायो सीएनजी प्लांट, कूड़े से चारकोल बनाने के प्लांट व आरआरआर (रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकिल) सेंटर के मॉडलों को देखा और इसके क्रियात्मक पक्ष के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। बच्चों को कराया अन्नप्राशन- कार्यक्रम स्थल पर सीएम योगी ने नन्हें-मुन्ने बच्चों को अन्नप्राशन कराया। उन्होंने बच्चों को खूब दुलारा और आशीर्वाद देकर उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संपादकीय Editorial

### Double standards of America and western countries

India-Canada relations are currently under great strain. The reason for this is Canadian Prime Minister Justin Trudeau's fabricated allegation of Modi government's involvement in the murder of Khalistani extremist Hardeep Singh Nijjar and his continuous attempt to add fuel to the fire of Sikh separatism which is dying out in India. The way this development is unfolding, it has once again exposed the double standards of the Western countries vis-à-vis America and the anti-India forces in these countries. A narrative is being created by America and Western countries on Nijjar's murder that if the investigation finds involvement of the Modi government, then India should be punished. According to US National Security Council spokesperson Adrienne Watson, "This is a serious matter and we support the ongoing law enforcement efforts in Canada." Not only this, a large section of the western media is threatening through its editorials, "If India had ordered a murder in Canada, there would be consequences." It says that India will not have to follow the path adopted by Russia or Saudi Arabia. But one should not walk. Has this group given any such advice on killing their enemies abroad on the orders of America or Israel? It is not hidden from anyone that America and Israel are notorious in finding and killing their enemies anywhere in the world. The American investigative agency 'CIA' had made eight unsuccessful attempts to assassinate Cuban leader Fidel Castro. This conclusion is not of anyone else but of the Church Committee formed by America in 1975, in which an attempt was made to kill Castro with poisonous and explosive cigars.

Not only this, C.I.A. In collaboration with President Ngo Dinh Diem of South Vietnam and Patrice Lumumba of Congo, he promoted the overthrow and assassination of President Salvador Allende in Chile. According to one figure, America has killed more than a thousand terrorists in Iraq in this manner. In the last several years, America has also entered Pakistan and killed 60 top fanatic Islamists like Osama Bin Laden, Qasim Sulemani in Iran and Imad Mughniya in Lebanon. Was there any uproar over this in the American-European media? Israel is also adept at eliminating its enemies in any part of the world in 'self-defense'. A big example of this is the detection and killing of Palestinian terrorists who murdered 11 Israeli players in the 1972 Munich Olympics at 7 places ranging from Rome (Italy), Paris (France), Lillehammer (Norway) and Lebanon-Cyprus.

Even today Israel does not hesitate in taking such steps. The United Nations and other human rights organizations condemn it, but America and NATO allies remain silent on it. In fact, American-Western critics are not worried that India is now crossing into Pakistan and killing terrorists at home. The reason for their uneasiness is that now anti-India people have started being killed on their soil too. After all, who was Hardeep Singh Nijjar, whom a section of the western media is trying to hide his reality by calling him a 'plumber' in their reporting?

Nijjar was included in the list of India's 'most wanted' terrorists. There was a declared reward of Rs 10 lakh on him. He was the leader of the banned extremist organization 'Khalistan Tiger Force' (KTF). Nijjar was originally a resident of Bharsinghpur village near Shahkot in Jalandhar district of Punjab, who later settled in Canada on the basis of fake documents. Nijjar, who was involved in many anti-India activities, was gunned down in broad daylight in Canada in June this year. The question is, why did Canadian Prime Minister Justin Trudeau risk relations with India for a declared criminal? There are two reasons for this. First, to divert the attention of the people of our country from the allegations.

# Let the sunshine come: Balkhilya sages created a new 'Indra'

Kashyap also asked his son Devraj Indra to cooperate in the yagya. He said to Indra, 'The yagya will be very grand, so I need wood in abundance.' 'You rest assured, father! Arrangements for wood will be made.' Indra said and set out to arrange wood for the yagya. Kashyap, grandson of Lord Brahma and father of the gods, was about to perform a grand yagya. Kashyap had also requested the sages named 'Balkhilya' to cooperate in that yagya. Balakhilya is a special type of group of sages. He is the son of Prajapati Kratu and his wife Santati. Their size is as big as a thumb but they are as bright as the sun. They are sixty thousand in number and all together walk in front of the chariot of Sun God every day, praising him. These sages worship by hanging upside down on the trees and consume only sunlight. Although Kashyap knew that the Balkhilya sages were small in size and would not be able to collect much wood, still Kashyap sought their cooperation to respect them. Was. Balkhilya also accepted to contribute to the Yagya by going beyond his physical limitations. Kashyap also asked his son Devraj Indra to cooperate in the yagya. He said to Indra, 'The yagya will be very grand, so I need wood in abundance.' 'You rest assured, father! Arrangements for wood will be made.' Indra said and set out to arrange wood for the yagya. He found a huge wooden block in the forest, with which he set out towards the ashram of his father Kashyap. Meanwhile, sage Balkhilya was also out searching for wood. While roaming around he saw a branch which he liked for the Yagya. All the sixty thousand-fingered sages started walking towards Kashyap's ashram, staggering with the twig. On the way, sages Indra and Balkhilya met. Indra arrogantly insulted him and asked - 'Rishivar, where are you going with this yard-long branch? The sages had understood Indra's mockery but after meditating Kashyap Muni, they just said, 'We are taking Samidha wood as a contribution to your father's yagya.' 'Samidha...ha! Ha!!' Indra said laughing. 'What will happen with this thin branch? Have you considered my father's Yagya to be of your own size?' 'Indra! Cooperation is not measured by size but by dedication. You are Indra but keep in mind that no thing or person in the universe is inevitable.' This was Balkhilya's warning to Indra. Indra was full of ego. He said, 'Do you know that you are talking to Indra, the lord of the gods?' Hearing this, the Balkhilya sages put down the branch and took water in their hands and said, 'You are very proud of your title of 'Indra'. Therefore, we resolve that with the power of our yoga, we will create a new Indra who, apart from being virtuous, will be more powerful and intelligent than you.' Then the sages picked up the twig kept below and headed towards Kashyap's ashram. When Kashyap came to know about this incident, he told Balkhilya that there can be only one Indra in the world, so he should forgive Indra and give up his resolve. Balkhilya was in a dilemma. But withdrawing the resolution was even more difficult. At last, Balkhilya thought of a solution. He told Kashyap, 'We cannot take back the resolution but we can amend it. The Indra who will be born will be called 'Indra of birds'! With this, the resolution will also be fulfilled and the supremacy of Indra-pad will also remain intact.' Later, Kashyap's wife Vinata gave birth to Garuda who became the vehicle of Lord Vishnu and was called 'Indra of birds' (Pakshiraj).



# Reading: A life that has no purpose is more scary than death.

What place does Benjamin Netanyahu, who is leading the Israeli resistance to Hamas attacks, hold in the political history of Israel, the Middle East and the world, what does he think about terrorism and peace, what are his views on life, due to which he is a global leader today? Have become the center of politics. These two books find answers to all these questions - After the attack by Hamas, today the whole world is looking towards Israel's Prime Minister Benjamin Netanyahu. What is going on in their minds after the most heinous attack ever on the Jewish nation? Understanding the rise of Benjamin Netanyahu is important to understand his political perspective and his style of leadership. The roots of this Israeli Prime Minister not only provide a glimpse of his personal past, but also reflect the historical and political contexts of Israel. For most people he is a right-wing nationalist, while some consider him a centrist who is too soft towards the Arabs and surrenders his arms early. Netanyahu has been at the center of Arab-Israeli politics since 1991, when his words, sincerity and style in an interview with CNN brought him into the spotlight inside and outside Israel. Neil Lochery's book, Resistible Rise of Benjamin Netanyahu dispassionately analyzes not only Netanyahu's life, but also the rise of Islamic terrorism, oil politics, and Netanyahu's allegations of Americanization of the Israeli media. Bibi: My Story is authored by Benjamin Netanyahu himself, in which he tells in his own words the story of his family, his journey to the top of politics and how he won the trust of ordinary Israelis despite the turbulent politics of neighboring countries. This book tells about the contribution of his family in making Netanyahu who he is today. When he asks his father what is the one quality that an Israeli Prime Minister must have, his father says that the Israeli Prime Minister should be educated, so that he does not have to depend on clerks. In this autobiography Emotions, thoughts and ideals are all three. Unlike other political autobiographies, it does not try to hide the facts, this book of 650 pages is an excellent and authentic way to know his opinion on various issues. When he says about America, that his relations with this country can never deteriorate. Or, when he says about Iran that this country is not trustworthy, he is expressing his feelings.

There is anger, irritation and intimacy in his words. When he says that America cannot have a better friend than Donald Trump. The book states that he was greatly influenced by his brother Yoni. The line spoken by his brother during a campaign, which he also considers as the ideal of his life, 'I am not afraid of death, because in my view, that life which has no purpose is more scary.' In 1976, his brother was killed in an operation to free innocent people when a plane was hijacked by terrorists in Entebbe, Uganda. Netanyahu writes, 'Yoni is dead but his blood is still boiling in my veins.' Whether he is good or bad is politics, but both books help us understand his place in the political history of Israel and the Middle East in particular.For most people he is a right-wing nationalist, while some consider him a centrist who is too soft towards the Arabs and surrenders his arms early. Netanyahu has been at the center of Arab-Israeli politics since 1991, when his words, sincerity and style in an interview with CNN brought him into the spotlight inside and outside Israel. Neil Lochery's book, Resistible Rise of Benjamin Netanyahu dispassionately analyzes not only Netanyahu's life, but also the rise of Islamic terrorism, oil politics, and Netanyahu's allegations of Americanization of the Israeli media. Bibi: My Story is authored by Benjamin Netanyahu himself, in which he tells in his own words the story of his family, his journey to the top of politics and how he won the trust of ordinary Israelis despite the turbulent politics of neighboring countries. This book tells about the contribution of his family in making Netanyahu who he is today. When he asks his father what is the one quality that an Israeli Prime Minister must have, his father says that the Israeli Prime Minister should be educated, so that he does not have to depend on clerks. In this autobiography Emotions, thoughts and ideals are all three. Unlike other political autobiographies, it does not try to hide the facts, this book of 650 pages is an excellent and authentic way to know his opinion on various issues. When he says about America, that his relations with this country can never deteriorate. Or, when he says about Iran that this country is not trustworthy, he is expressing his feelings. There is anger, irritation and intimacy in his words. When he says that America cannot have a better friend than Donald Trump. The book states that he was greatly influenced by his brother Yoni. The line spoken by his brother during a campaign, which he also considers as the ideal of his life, 'I am not afraid of death, because in my view, that life which has no purpose is more scary.' In 1976, his brother was killed in an operation to free innocent people when a plane was hijacked by terrorists in Entebbe, Uganda. Netanyahu writes, 'Yoni is dead but his blood is still boiling in my veins.' Whether he is good or bad is politics, but both books help us understand his place in the political history of Israel and the Middle East in particular.

# कांग्रेस की नीतियों में आस्था जताकर ग्रहण की सदस्यता




मुरादाबाद- जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष असलम खुर्शीद के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले भारतीय गौ रक्षा वाहिनी के पदाधिकारी कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने पार्टी कार्यालय पर रविवार को भारतीय गौ रक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष मोहम्मद अनीस और उनके साथियों को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराकर माला पहनाकर स्वागत किया। मोहम्मद अनीस ने कांग्रेस की नीतियों में विश्वास जताया। कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ऐसी पार्टी है जो बिना भेदभाव नफरत फैलाएं सभी वर्गों पर समान रूप से जोड़कर रख सकती है।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में मोहम्मद अनीस मोहम्मद, इलियास मोहम्मद, वकील मोहम्मद, खुर्शीद मोहम्मद, जुनेद, मोहम्मद फहीम, अफसर अली, मोहम्मद आसिफ आदि शामिल रहे।

इस दौरान कांग्रेस पार्टी के एडवोकेट मुख्तियार, गयूर अंसारी, रईस खां, शहजाद खां, अफजल साबरी, जिला मीडिया कोआर्डिनेटर राजेंद्र वाल्मीकि, मंगल सेन, फिरोज खां, सुरेश चंद सक्सेना, बाबू नदीम मलिक आदि उपस्थित रहे।

# महानगर में मनमाने तरीके से नहीं होगा ई-रिक्शा का संचालन



मुरादाबाद- 2000 ई-रिक्शा का जोन निर्धारण अभी बाकी, आठ जोन निर्धारित, नवंबर में लागू होगी व्यवस्था महानगर में ई-रिक्शा के मनमाने संचालन पर अब रोक लगेगी। इसके लिए यातायात पुलिस ने आठ जोन निर्धारित कर दिए हैं। अब तक जिन 2000 ई-रिक्शा चालकों का नाम पता सत्यापित नहीं हो पाया है

उन्हें 31 अक्टूबर तक सत्यापित कराने का अवसर दिया गया है। ऐसा न कराने वाले चालक ई रिक्शा नहीं चला पाएंगे। महानगर में 10,000 के करीब अनुमानित ई-रिक्शा का संचालन मनमाने तरीके से हो रहा है। इनके चलते लगने वाले जाम और सड़क हादसे रोकने के लिए अब यातायात पुलिस ने योजना के अनुरूप इन्हें जोनवार रूट में बांटा है। महानगर में आठ जोन निर्धारित कर ई-रिक्शा का संचालन नवंबर से कराने की तैयारी है। जो आठ जोन निर्धारित किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार का कहना है कि अभी तक जिन ई-रिक्शा संचालक, चालक के नाम पते आरटीओ कार्यालय के रिकार्ड के आधार पर सत्यापित हो चुके हैं उसके आधार पर जोनवार ई-रिक्शा का निर्धारण किया गया है। लगभग 2000 ई -रिक्शा चालकों ने अभी सत्यापन नहीं कराया हैं। इनको 31 अक्टूबर तक का समय दिया है। जो नहीं कराएंगे उनका संचालन नहीं होगा। नवंबर में इसे प्रभावी रूप से लागू कराएंगे।

ये हैं ई-रिक्शा संचालन के लिए निर्धारित जोन जोन1= लाइनपार, मान सरोवर, प्रकाश नगर, रामलीला मैदान, कुंदनपुर विकास नगर, हनुमान नगर, चाऊ की बस्ती, एकता कॉलोनी, ढक्का, पैपटपुरा, जयंतीपुर, पीर का बाजार, करूला, पुतलीघर, कुंदनपुर, चौहानों की मिलक को शामिल किया गया है। जोन 2= बुद्धि विहार, कांशीराम नगर, मिलन विहार, खुशहालपुर, बुद्धा पार्क, शाहपुर तिगरी, सम्राट अशोक नगर, प्रीत विहार जोन 3= चंद्र नगर, आवास विकास कॉलोनी, पीलीकोठी के पीछे, रेलवे कॉलोनी, केंद्रीय विद्यालय, भांतू कॉलोनी, हिमगिरी कॉलोनी, हरथला, हरथला रेलवे स्टेशन, मोरा की मिलक जोन 4= पुलिस अकादमी, पुलिस लाइन, जिगर कॉलोनी, बंगला गांव, दौलतबाग, चक्कर की मिलक, पुराना आरटीओ, कचहरी जोन 5= नवीन नगर, रामगंगा विहार, आशियाना कॉलोनी, ग्राम मौरा, साईं मंदिर, सोनकपुर, वेव सिटी, टीडीआई सिटी, दीन दयाल नगर जोन 6= इम्पीरियल तिराहा, बुध बाजार, मानपुर, कटरा नाज, अमरोहा गेट, मंडी चौक, सम्भली गेट, हैलेट रोड, बाजार गंज, टाउनहाल, बर्तन बाजार, सर्राफा बाजार, पारकर कॉलेज रोड, कंजरी सराय, गुरहट्टी चौराहा, जेल रोड, जैन मंदिर, कंपनी बाग जोन 7= मंडी चौक, बारादरी, दीवान का बाजार, लालबाग, तहसील स्कूल, एस कुमार चौराहा, रेती स्ट्रीट, फैजगंज, पीरगैब, जीआईसी चौराहा, जामा मस्जिद, ताजपुर माफी, किसरौल, कानून गोयन, नवाबपुराजोन 8= बरवलान, गुलाबबाड़ी, अटल घाट, कटघर रेलवे स्टेशन, मकबरा, लाजपतनगर, सम्भल चौराहा, गांधी नगर, पीरजादा, ईदगाह, असालतपुरा, प्रिंस रोड, इंद्रा चौक पत्थर का चौराहा, लंगड़े की पुलिया, भूड़े का चौराहा

# पहले नवरात्र पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, की मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना



मुरादाबाद- कालीमाता मंदिर, माता मंदिर, मनोकामना मंदिर समेत महानगर के सभी मंदिरों में भक्तों ने की पूजा पहले नवरात्र को देवी मां के जयकारों से महानगर के मंदिर गूंज उठे। तड़के से ही मंदिरों के बाहर भक्तों की लंबी-लंबी लाइन देखने को मिली। भक्तों ने पूरी आस्था के साथ मां की पूजा अर्चना की। शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को भक्त सुबह स्नान करने के बाद मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। कालीमाता मंदिर, माता मंदिर, मनोकामना मंदिर समेत महानगर के प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी लाइन देखने को मिली। इस दौरान पुलिस प्रशासन ही लोगों के सुरक्षा के लिए तैनात रहे।

## मां काली के दर्शन से दूर हो जाते हैं भक्तों के कष्ट

लालबाग स्थित प्राचीन काली माता मंदिर में एक समय था जब यहां मां काली की छोटी से मूर्ति हुआ करती था। यह बात करीब 400 वर्ष पुरानी है। धीरे-धीरे यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मन्नतें पूरी होने लगीं। जिसके बाद से यहां भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। नवरात्रों में मंदिर पर विशेष रूप से सजाया जाता है। मान्यता है कि मां काली के दर्शन मात्र से भक्तों के कष्ट दूर हो जाते हैं। मां काली मंदिर से कभी कोई श्रद्धालु खाली हाथ नहीं लौटता। यहां आकर लाखों श्रद्धालुओं की मन्नत पूरी हो चुकी है। माना जाता है कि जब भी कभी रामगंगा नदी में बाढ़ आई है तो रामगंगा नदी किनारे स्थित माता के मंदिर की सीढ़ियों से आगे नहीं आ पाई। यहां हर शनिवार को मां काली देवी को श्रद्धालु चुनरी, श्रृंगार का सामान और नारियल चढ़ाते हैं। साथ ही दीपक जलाते हैं। कोई भक्त यहां धागा बांधकर मन्नत मांगते हैं। मंदिर के महंत सज्जन गिरी ने बताया कि नवरात्र पर मंदिर में विशेष प्रबंध किए गए हैं। मूर्तियों को फूल-मालाओं से सजाया गया है। माता का विशेष श्रृंगार किया गया है। माता का दरबार सजाया जाएगा। नवरात्र के पहले दिन सुबह आरती होगी। इसके बाद मंदिर के कपाट खोल दिए जाएगे। यहां भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

# लगन व कर्मठता से किसान की बेटी बनी अधिकारी

मुरादाबाद- प्रीति ने जुनून के दम पर पाई सफलता, नारी सशक्तीकरण के अभियान से जुड़कर दिखा रहीं कामयाबी की राह बेटियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिले तो वह अपनी मेहनत और कर्मठता से आसमां भी छू सकती हैं। गांव की पगडंडियों से होकर डिप्टी कलेक्टर बनने का सफर तय कर गोरखपुर जिले की प्रीति सिंह ने यह साबित कर दिखाया है। जीवन में कुछ करने का जुनून हो तो आसमां भी दूर नहीं। हम बात कर रहे हैं, मुरादाबाद में जिला कार्यक्रम अधिकारी का दायित्व निभा रहीं डिप्टी कलेक्टर प्रीति सिंह की। गोरखपुर जिले के बांस गांव कस्बे में साधारण किसान रवि प्रताप सिंह के घर जन्मी प्रीति के परिवार में उनसे छोटी चार बहनें हैं। उनके बड़े भाई भी हैं।खेती किसानी कर परिवार की गुजर बसर करने वाले पिता ने बेटियों को कभी बेटे से कम न माना। प्रीति की आरंभिक पढ़ाई गांव के सरकारी स्कूल में कक्षा एक से पांच तक हुई। इसके बाद गांव के ही पास स्थित कस्बे भटौली से उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई पूरी की। लेकिन कदम यहीं नहीं रुके और गोरखपुर विश्वविद्यालय से एमए की डिग्री हासिल की। उनके मन में तो उच्च सफलता के सपने पल रहे थे। 2005 में उन्होंने पीसीएस की परीक्षा दी, लेकिन साक्षात्कार में असफल रही। इसके बाद 2008 में फिर से पीसीएस में किस्मत आजमाई और इस बार उन्हें सफलता हासिल हुई। तीन वर्ष पीसीएस



परीक्षा परिणाम देरी से आने के कारण उनका चयन 2011 में नायब तहसीलदार के पद पर कुशीनगर में हुआ। चार साल के कार्यकाल के बाद उन्हें सहारनपुर में नायब तहसीलदार के पद पर स्थानांतरित किया गया। फिर एक साल बाद पदोन्नत कर तहसीलदार बनीं और 2019 में बिजनौर में तहसीलदार और फिर एसडीएम बिजनौर का दायित्व मिला। 2022 में डिप्टी कलेक्टर के रूप में वह मुरादाबाद आईं। इस समय वह जिला कार्यक्रम अधिकारी का अतिरिक्त दायित्व भी संभाल रहीं हैं।

## शिक्षा को गहना मान जीवन में आगे बढ़ें

प्रीति कहती हैं कि शिक्षा सफलता की कुंजी ही नहीं वह जीवन का गहना है। शिक्षा का गहना यदि महिलाओं ने धारण कर लिया तो उनके पास किसी और चीज की कमी नहीं रहेगी। वह किसी भी स्थिति का मुकाबला आसानी से कर सकेंगी। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान को वह और प्रभावी बनाना चाहती हैं। वह बालिका शिक्षा खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक ध्यान देने की पक्षधर हैं। क्योंकि परिवार व समाज की बेड़ियों में जकड़ी ग्रामीण परिवेश की बेटियां उच्च शिक्षा से अक्सर वंचित रह जाती हैं। वह कहती हैं बेटियों को पढ़ने और निखरने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। क्योंकि नारी बिना शिक्षा के सशक्त नहीं हो सकती।

## प्रीति अपनी बहनों में हैं सबसे बड़ी

प्रीति अपनी बहनों में सबसे बड़ी हैं। उनसे बड़े भाई कस्बे में ही मेडिकल स्टोर संचालित करते हैं। छोटी बहन ज्योति, शिवानी, नेहा सभी की पढ़ाई के बाद रीति रिवाज से शादी की गई। प्रीति की शादी 2011 में कुशीनगर में नायब तहसीलदार के पद पर रहते हुए बलिया के बहापुर गांव के मनोज सिंह के साथ हुई थी। मनोज सिंह इस समय लखनऊ सचिवालय में तैनात है। उनका 9 वर्ष का एक बेटा आदित्य है।

## परिचित के चलते मिली प्रेरणा

वह बताती हैं कि बांस गांव कस्बे में न्याय पालिका में एक परिचित जज थे। प्रीति अपने पिता के साथ जब उनसे मिलने के लिए आती थीं तो वह उनके रुतबे से प्रभावित हुईं और प्रशासनिक अधिकारी बनने की ठान ली और इसे सच भी कर दिखाया।

# शोहदों ने दो नाबालिगों से की गंदी हरकत, रोते-रोते घर पहुंचकर बताई करतूत, अब पुलिस ने किया यह काम

मुरादाबाद-एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि नाबालिगों से दुष्कर्म करने के आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

दोनों मामलों में आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगाई गई है कांठ में नाबालिग किशोरी को घर में अकेला देखकर पड़ोसी गांव के युवक ने उससे छेड़खानी करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता की मां ने जब एसएसपी से कार्रवाई की गुहार लगाई तो कांठ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामला कांठ थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां की रहने वाली महिला का कहना है कि उसकी 17 वर्षीय बेटी है। जिसका पड़ोसी गांव चैंदरी अकबरपुर निवासी युवक कई दिन से पीछा कर छेड़खानी कर रहा था। कई बार उसके घर वालों से भी इसकी शिकायत की गई। लेकिन युवक नहीं माना। बृहस्पतिवार की शाम वह दवाई लेने के लिए कई हुई थी, उसकी 17 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। आरोप है कि उसे अकेला देख युवक घर में घुस आया और उससे अश्लील हरकतें करते हुए दुष्कर्म की कोशिश की। विरोध किया तो किशोरी से मारपीट कर उसके कपड़े भी फाड़ दिए। इसी बीच किशोरी की मां आ गई। आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। कांठ पुलिस से की शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता की मां ने एसएसपी हेमराज मीना से कार्रवाई की गुहार लगाई, जिस पर उन्होंने कांठ पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए। शनिवार की शाम थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर पहले से कुछ विवाद है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। किशोरी का अपहरण कर तीन दिन तक सामूहिक दुष्कर्म - ठाकुरद्वारा निवासी ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि 10 अक्टूबर की रात को दो युवक उसके घर आए और नाबालिग पुत्री का अपहरण कर ले गए। उसकी पुत्री 13 अक्टूबर को सुबह किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छुटकर घर पर वापस लौटी। उसने रोते हुए उन्हें बताया कि दोनों युवकों ने तीन दिन तक उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी मुरादाबाद निवासी पंकज उर्फ बॉबी और ठाकुरद्वारा निवासी जसवीर के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया है छेड़खानी के आरोप में दो पर केस- डिलारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह गर्भवती है। सुबह उसे देख कर आरोपी छेड़खानी कर रहे थे । उसने विरोध किया तो पीट कर घायल कर दिया । पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# तापमान गिरने के बाद भी डेंगू के मरीजों में उछाल, चार और लोगों की मौत, गांवों में नहीं मिल रही राहत

मुरादाबाद-जिले में अब तक डेंगू के 900 से ज्यादा मरीज मिल चुके हैं, जोकि पिछले वर्ष से ज्यादा हैं।

डेंगू के मामलों में प्रदेश के सभी जिलों में मुरादाबाद कई दिन तक सर्वाधिक प्रभावित रहा। मुरादाबाद रात में अब सर्दी का एहसास होने लगा है। न्यूनतम तापमान में धीमे धीमे लेकिन लगातार गिरावट हो रही है। इसके बावजूद डेंगू व बुखार के मरीज कम नहीं हो रहे हैं। शनिवार को जिले में चार और लोगों की मौत हो गई है। साथ ही डेंगू के 25 मरीज मिले हैं। डॉक्टरों का कहना है कि इस बार डेंगू लंबा चल रहा है और मरीजों को ठीक होने में भी ज्यादा समय लग रहा है। ठाकुरद्वारा में वार्ड एक निवासी राकेश की पत्नी सुशीला ( 45 ) की मौत हो गई।

उन्हें चार दिन पहले तेज बुखार आया। एक निजी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा था। हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन काशीपुर भी ले गए लेकिन जान नहीं बच सकी।

कुंदरकी के ग्राम मल्हीपुर महमूदा नगला में डेंगू से रामू ( 26 ) की मौत हो गई। सात दिन पहले से रामू को बुखार आया था। मुरादाबाद के सांई अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पाकबड़ा के गांव महलकपुर माफी में 23 वर्षीय सोनू की बुखार से मौत हो गई। उसे पांच दिन पहले बुखार आया था। शनिवार सुबह चार बजे उसने दम तोड़ दिया। इसके अलावा मूंढापांडे के गांव वीरपुर थान में डेंगू से 13 वर्षीय बालक सीशान की मौत हो गई। उसके पिता भूरा ने बताया कि 12 घंटे पहले ही बच्चे को बुखार आया था। टीएमयू में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पिछले वर्ष अक्तूबर में सामान्य थी स्थिति पिछले वर्ष से डेंगू के मामलों की तुलना की जाए तो अक्तूबर में स्थिति सामान्य थी। डेंगू के इक्का-दुक्का मरीज ही सामने आ रहे थे। जबकि इन दिनों अस्पतालों में मरीज भरे हुए हैं। जिला अस्पताल में बुखार व डेंगू वार्ड के सभी बेड़ फुल हैं। वहीं निजी अस्पतालों में लोग अपने घरों से बेड ले जाकर भर्ती हो रहे हैं। गांधी नगर के अस्पतालों में यह स्थिति देखने को मिली। इसी तरह गांवों में झोलाछाप की दुकानों पर भी मरीजों की भीड़ लगी है। रतनपुर कलां, बघी गोवर्धनपुर आदि गावों में लोगों को घरों में ड्रिप लगाई जा रही हैं।




क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# इलाज के दोरान युवक की मोत होने से परिजनों द्वारा हास्पीटल मे किया हंगामा

क्यूँ न लिखूँ सच
महेश कछावा

नागदा-जनसेवा हास्पीटल मे मृतक परिवार जनों के रात भर किया हंगामा। बताया जा रहा है कि दीपक रघुवंशी नाम का युवक जिसे शारीरिक बीमारी के तहत हास्पीटल मे इलाज हेतु भर्ती किया गया था। जिसका इलाज डॉ पाल द्वारा किया जा रहा था।मरीज को कल जब ऑपरेशन के लिए ऑपरेशन रूम मे गये तथा बाद मे करीब एक घंटे बाद पता चला कि मरीज की मोत हो गयी है ।जिससे मृतक के परिजनों द्वारा बताया गया कि डॉ पाल द्वारा इलाज मे लापरवाही व गलत इन्जेक्शन लगाने की वजह से



मोत हुई है जिसेसे घुस्साये परिजनों ने हास्पीटल मे तोडफोड कर डॉ के खिलाफ कार्यवाही हेतु रात भर हंगामा करते रहे ।इस बात की सूचना मिलते ही थाना बिरलाग्राम की प्रभारी पिंकी आकाश अपने पुलिस बल के साथ वहा पहुंची तथा परिजनों को समझाने की कोशिश कि गयी मगर नही मानने पर इस की सूचना उच्च अधिकारी सीएसपी व एसडीएम को दी गयी ।अधिकारी द्वारा भी हास्पीटल पहुचकर परिजनों को समझाने की कोशिश भी नाकाम रही ।परिजनों द्वारा कहना था कि डॉ पाल द्वारा गलती की गयी है उसके व प्रबंधन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाये ।जब अधिकारी ने कहा कि बिना विवेचना व जांच रिपोर्ट के आने तक किसी प्रकार की कार्यवाही करना उचित नही है ।तो परिजनों ने हास्पीटल के बाहर ही मृतक को रखकर रात भर हंगामा करते रहे। खबर लिखे जाने तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही प्रशासन द्वारा नही कि गयी थी

# रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के संतोष चौबे को अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मान से सम्मानित किया

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी-आईसेक्ट के रीजनल मैनेजर विकास श्रीवास्तव जी के ने बताया कि लंदन में 13 से 15 अक्टूबर 2023 तक आयोजित भारत- यूरोप हिंदी महोत्सव में आईसेक्ट ग्रुप के चेयरमैन तथा रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे को साहित्य, संस्कृति ,शिक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु वातायन अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें भारत के पूर्व शिक्षा मंत्री रमेश चंद्र पोखरियाल निशंक, ब्रिटेन के सांसद वीरेंद्र शर्मा ,भारतीय दूतावास के समन्वय मंत्री दीपक चौधरी ने ब्रिटेन एवं अनेक देशों के प्रतिनिधियों की




उपस्थिति में प्रदान किया । इस अवसर पर चौबे जी के संपादन में प्रकाशित पुस्तक समकालीन प्रवासी साहित्य का लोकार्पण भी अतिथियों ने किया ।डॉ. जवाहर कर्णावट ने संतोष चौबे की वृहत रचनात्मक उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध साहित्यकार सुश्री अनामिका, उप्साला विश्वविद्यालय के प्रो. हाइंस वरनर वेसलर तथा श्रीमती रेखा सेठी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन यूके हिंदी समिति के संस्थापक पद्मेश गुप्त ने किया। इस अवसर पर वातायन की संस्थापक अध्यक्ष दिव्या माथुर, वैश्विक हिंदी परिवार के अध्यक्ष अनिल जोशी एवं ब्रिटेन के अनेक गणमान्य महानुभावों की उपस्थित रही।

# रीवा में पहली बार आयोजित होगा डिस्को गरबा डांडिया और जुम्बा गरबा

क्यूँ न लिखूँ सच
रावेन्द्र सिंह

रीवा - इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी द्वारा रीवा में पहली बार दिनांक 20 अक्टूबर को डिस्को गरबा डांडिया और जुम्बा गरबा का आयोजन 卐द अर्बन ग्रिल्स गार्डेन में卐 आयोजित किया जा रहा है! सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में ये एक नवाचार होगा! उक्त कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देने हेतु इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसको प्रमुख रूप से युवा समाजसेवी एवं कवि सिद्धार्थ श्रीवास्तव, कार्यक्रम के आयोजक हिमांशु सिंह सेंगर,



डॉ सुष्मिता मिश्रा एवं प आहूजा ने संबोधित किया! पत्रकार वार्ता में आगे बताया गया कि गरबा डांडिया और जुम्बा गरबा के अलावा रास, सैंडो डांस और डिस्को गरबा का भी आयोजन होगा! आयोजको ने समस्त रीवावासियों से अपील कि है उक्त कार्यक्रम में सभी बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी ले और आयोजन को सफल बनाये!

# एसडीएम पर लगाया अभद्रता का आरोप, दिया ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-अलीगंज-अलीगंज के लेखपालों ने एसडीएम पर अभ्रदता करने एवं समाधान दिवस के दौरान थाने से भगाने का आरोप लगाया है। बैठक के बाद लेखपाल ने एकत्रित होकर तहसीलदार अलीगंज को ज्ञापन सौंपा। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।



शनिवार को समाधान दिवस थाना अलीगंज में एसडीएम अलीगंज की ओर से तहसील अलीगंज के लेखपालों से अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है जो निन्दनीय हैं, इसे लेकर संघ ने निन्दा प्रस्ताव भी पारित किया है। बताया कि तहसील अलीगंज के व्हाटसएप ग्रुप पर सुबह एसडीएम अलीगंज ने दोपहर दो बजे धारा-24 की पैमाइश रिपोर्ट दाखिल करने को कहा गया। जब लेखपाल रिपोर्ट बनवाने में सहयोग करने लगे तभी थाना अलीगंज से फोन आया कि एसडीएम अलीगंज ने अनुपस्थित लिखकर रजिस्टर सीन करते कार्रवाई करने के आदेश दिए है यह भी निंदनीय हैं। तहसील अलीगंज में चकबन्दी लेखपाल को क्षेत्र का पूर्ण चार्ज दिया गया है, जबकि विरासत, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र पर प्रारम्भिक जांच के लिए राजस्व लेखपालों को आदेशित किया गया, जो गलत है। 16 अक्तूबर तक समस्त लेखपाल साथी अतिरिक्त क्षेत्रों का चार्ज आरके कार्यालय अलीगंज में जमा करेंगे।

# बुंदेलखंड क्षेत्र के सात सांसदों की सांसदी का किया गया पिंड दान

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी-झॉसी बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानू सहाय ने पितृ विसर्जन के अवसर पर सात सांसदों की सांसदी का पिण्डदान कर पिण्डो का विसर्जन पूर्व केन्द्रीय मंत्री उमा भारती द्वारा गोद ली गयी गन्दगी से बजबजाती बदबू मारती हुई पहूज नदी के धोवी घाट पर किया। भानु सहाय ने कहा जिन प्रतिनिधियो पर जनता ने विस्वास किया उस जनता का विश्वास तोड़ा गया है। अपनी जन्मभूमि का इन सांसदों का कर्ज था उस जन्मभूमि से बुंदेलखंड प्रथक राज्य निर्माण की मांग नहीं करके गद्दारी की, ऐसे लोगों को सांसद जैसे पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं। इसलिए तर्पण कर जीवन मैं सांसद जैसे पद पर बुंदेलखंड पृथक राज्य पर मौन साधने बाले कभी आसीन ना हो सकें जिससे अब कभी बुन्देलखण्ड की जनता छली ना



जा सके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राजनाथ सिंह एवं उमा भारती द्वारा तीन साल के भीतर बुंदेलखंड राज्य निर्माण का झूठा वादा व गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अवैध खनन रोक कर हर बुन्देली को एक मारुती कार देने का झूठा वादा कर बुंदेली जनता का उपहास उड़ाया गया सुश्री उमा भारती ने तो झांसी में पृथक हाईकोर्ट का भी बादा भी एक कदम आगे बढ़कर विद्वान अधिवक्ताओं के साथ भी छल किया। जिन सांसदों की सांसदी का पिण्डदान कर पिण्डो का विसर्जन किया उनमें सांसद प्रहलाद पटेल, बीरेंद्र खटीक, भानू वर्मा, विष्णूदत्त शर्मा, अनुराग शर्मा, राजबहादुर सिंह एवं आर के पटेल है। आठवीं सांसद संध्या राय की चुप्पी से मोर्चा संतुष्ट नहीं है पर हम बुन्देली योद्धा महारानी लक्ष्मी बाई जी के वंसज होने के नाते व मातृ शक्ति का सम्मान करने की वजह से उनकी सांसदी का पिंड दान नहीं कर रहे है पर मोर्चा पुरा प्रयास करेगा की वे भी आगामी लोक सभा का चुनाव न जीतने पाए।

# नवरात्रि पर्व को लेकर गुरसरांय थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक




क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी-गुरसरांय ( झॉसी ) दस दिवसीय नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को लेकर गुरसरांय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष गुरसरांय सुरेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें उन्होंने दुर्गा उत्सव समितियो की बैठक ली व नवरात्रि पर्व एवं दशहरा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की सलाह दी,वहीं डीजे की गाड़ियों के संबंध में स्पष्ट दिशा निर्देश दिए गए। सभी दुर्गा उत्सव समितियों को डीजे के लिए प्रतिबंधित किया गया एवं किसी भी प्रकार के आयोजनों के लिए सूचित कर अनुमति लेने की बात कही गई। जितने भी दुर्गा समिति वाले बैठक में पहुंचे थे उन्होंने भी प्रशासन का सहयोग करने एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की बात करते हुए सहमति दी। नगर वासियों द्वारा नवरात्रि के समय बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से निश्चित कर दी जाए, नगर वासियों का कहना है की नगर में ना बिजली आने का समय है और ना ही जाने का समय है रोस्टिंग के नाम पर घंटो बिजली की कटौती की जाती है तथा नगर पालिका द्वारा साफ सफाई करवाने के लिए आग्रह किया गया। विद्युत विभाग की ओर से रामकेश व नगर पालिका की ओर से सर्वेश खरे मौजूद रहे। थानाध्यक्ष द्वारा सभी को संबोधित करते हुए पुलिस का सहयोग करने व पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी से अपील की गई है। इस बैठक में नगर के गणमान्य नागरिक एवं समस्त दुर्गा समिति के लोग मौजूद रहे।

# रामबारात माता जानकी को ब्याहने पहुंचे रघुराई

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-* मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्रीराम माता जानकी को ब्याहने के लिए 10 बैंड एवं 47 झांकी-डोलों के साथ बारात लेकर निकले। ऐसा लग रहा था मानो पूरा शहर बाराती बन गया हो। रामलीला मंच से जनकपुरी तक बारात रूट पर अयोध्या सा नजारा दिखाई दी। चहुंओर से भक्त भगवान श्री राम के जयघोष लगाते हुए जनकपुरी ओर बढ़ते दिखे। रामलीला कमेटी अध्यक्ष शशिवेंद्र पाल सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा टिल्लू, महामंत्री राम प्रकाश वार्ष्णेय, मंच व्यवस्थापक स्वयं प्रकाश गौड़, मुख्य मेला संयोजक दिनेश उपाध्याय, संयोजक उमाशंकर गिरी एवं मेला व्यवस्थापक अनिल बैरागी के अलावा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने संयुक्त रुप से सैनिक पडाव स्थित रामलीला मंच पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुधन के स्वरुप में सजे कलाकारों की विधि-विधान से आरती की। भगवान के स्वरुपों को रथ पर विराजमान कर बारात का शुभारंभ किया। रथ में बैठकर बारात में सजे धजे चार दर्जन से अधिक डोले, झांकियों एवं बैंड बाजों के साथ भगवान राम अपने गुरु विश्वामित्र एवं तीनों भाईयों के साथ माता सीता को ब्याहने जनकपुरी के लिए रवाना हुए।



बारात के दौरान मौजूद शिवजी के गणों सहित, राधा कृष्ण एवं गोपियों के अलावा अन्य कई प्रकार की सजीव झांकियों ने दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। भक्तों की सर्वाधिक भीड़ इन्हीं झांकियों के साथ चलती रही। बागपत के ग्रेट इंडिया बैंड, जेवर के राजू बैंड, आगरा के सुधीर बैंड, गाजियाबाद के जवाहर बैंड सहित एटा के जनता बैंड, गोपाल बैंड एवं बन्ने बैंड के कलाकरों ने भगवान की एक से बढ़कर एक धुनों पर आरती सहित भजन प्रस्तुत किए। जिने लोग खुशी आंनदित होने के साथ नचाते गाते हुए भगवान श्रीराम के जयघोष लगाते रहे। रामसिया के रुप में पांच जोड़े बांधे गए परिणय सूत्र में एटा। शहर के कैलाशगंज स्थित जनकपुरी महोत्सव में रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों एवं जनकपुरी संयोजक प्रमोद गुप्ता ने बताया कि संयुक्त सहयोग से पांच निर्धन जोडों को परंपारागत ढंग से परिणय सूत्र में बांधा गया। निर्धन कन्याओं का विधान पूर्वक विवाह संपन्न कराने के साथ जनकपुरी आयोजक समिति ने पांचों कन्याओं को श्रद्धा अनुसार दान दहेज देकर सभी रस्म अदा की। आयोजक समिति में शहर के उद्योगपति सत्यदेव गुप्ता फौजी, नरेन्द्र गुप्ता, महेश चन्द्र वर्मा, सुन्नेश जैन एडवोकेट, धर्मवीर गहलौत, निर्मल वार्ष्णेय, वीरेन्द्र अग्रवाल टिल्लू, सौरभ शाह सिसोदिया आदि ने जनकपुरी महोत्सव को सफल बनाने के में सहयोग किया। जनकपुरी महोत्सव समिति के विजेंद्र गुप्ता बब्बू, सुजीत वर्मा सर्राफ, राजेश गुप्ता, विक्रांत मधौरिया, उमेश गुप्ता, सौरभ गुप्ता, रामप्रकाश वार्ष्णेय, राजकुमार वार्ष्णेय, दीपक वार्ष्णेय, यतेंद्र गुप्ता कल्लू आदि मौजूद रहे। भगवान की बारात में जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा- शहर में निकाली गई भगवान श्रीराम की बारात का व्यापारियों एवं समाजिक संगठनों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू बने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव

क्यूँ न लिखूँ सच

सिंगरौली । अनेक महत्व पूर्ण पदों पर सफलता पूर्वक अपना दायित्व का निर्वहन करने वाले जिला सिंगरौली के कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू को प्रदेश उच्च कमान द्वारा प्रदेश सचिव पद पर मनोनीत किया गया है, इससे पूर्व अनेक जनपदों में चुनाव प्रभारी, परिवहन प्रकोष्ठ, भारत जोड़ो यात्रा के समन्यवक,तथा अन्य पदों को सुशोभित कर चुके है इस मनोनयन के लिए ज्ञानू ने जिला इकाई,प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमन्त्री कमल नाथ एवम कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे , नेताप्रतिपक्ष



अजय सिंह राहुल भाइया , पूर्व केबिनेट मंत्री कमलेश्वर पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं आप सभी के विश्वास पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करूंगा व हमेशा आभारीं रहूँगा इस बाबत खबर मिलते ही कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त हो गया और एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर अपनी प्रसन्नता जाहिर की है ।

# अवैध असलहा-कारतूस सहित अभियुक्त को सीपरी बाजार पुलिस ने किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी-झाँसी । थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वारा अभियुक्त को अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर



विधिक कार्यवाही की गई समय 02.35 बजे थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वारा गणेश बिहार कॉलोनी के पीछे, खोड़न वाले रास्ते पर थाना क्षेत्र सीपरी बाजार से सचिन अहिरवार पुत्र विनोद अहिरवार नि0 पेंच मुहल्ला नन्दनपुरा सीपरी बाजार झांसी उम्र 19 वर्ष को एक 315 बोर देशी तमंचा मय दो जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया, पकड़े गए अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 396/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया।

# परिवार नियोजन सुविधाएं अपनाकर छोटा व सुखी परिवार बनायें - डॉ राजपूत




क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी-बंगरा( झाँसी ) जिलाधिकारी झाँसी अविनाश कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुधाकर पांडेय के आदेशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंगरा के अधीक्षक डॉ के. के. राजपूत ने आज हरी झंडी दिखाकर सारथी वाहन को गांव गांव में परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया। मौके पर अधीक्षक डॉ के. के. राजपूत ने बताया है कि सारथी वाहन गांवों में जाकर परिवार नियोजन कार्यक्रम में कापर टी, अन्तरा इन्जैक्शन, माला एन गोली, छाया साफ्ताहिक गोली, महिला व पुरूष नसबंदी के लाभ की जानकारी जन जन तक पहुंचायेगा। उन्होंने कहा कि सभी सीएचओ, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी भी परिवार नियोजन सुविधाओं की जानकारी परिवारों में दें व उन्हें सुविधाएं उपलब्ध करायें। मौके पर डा मनोज निरजंन, डॉ इन्दुबाला गुप्ता,स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अम्बरीश खरे, आर. पी. गोस्वामी, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण द्विवेदी, ब्लाक कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक अनीता सिंह, फार्मासिस्ट नागेश सिंह, आशीष गुप्ता, मनोज दुबे, विजय गुप्ता, भगवत दयाल, सलीम सिद्दीकी, अरविंद कुशवाहा, हरीशचन्द्र रत्मेले, हीरालाल हटया, स्मिता वर्मा, मालती यादव, अंगूरी देवी, अजीत कुमार, सहित तमाम कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# लूट एवं सामूहिक दुष्कर्म की घटना में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जलेसर के प्रभारी निरीक्षक जगदीश चन्द द्वारा थाना जलेसर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 215/2023 धारा



392/342/376घ/506 भादवि में वांछित चल रहे अभियुक्त गुलशन चौधरी पुत्र जच्चन निवासी वसुंधरापुर कालोनी लेहरा रोड जनपद हाथरस को आज रविवार को मौ0 ब्रह्मनपुरी कस्बा व थाना जलेसर से गिरफ्तार कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुऐ जेल भेजा जा रहा है !

## मिशन शक्ति की उड़ा रहे हैं प्रधानपति धज्जियां, महिला ग्राम विकास अधिकारी को एक साल से परेशान करने का आरोप

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। सरकार का भले ही बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ,मिशन शक्ति,देश भर में महिलाओं को 33प्रतिशत आरक्षण देने को लेकर हमारी देश की सरकार गम्भीर है।

लेकिन धरातल पर स्थिति बिल्कुल इसके उलट है। शासन की मंशा पर पलीता लगाते नज़र आ रहा है। वहीं महिलाओं के अधिकारियों का भी जमकर हनन हो रहा है।आज भी तमाम महिला प्रधानों के अधिकारों पर उनके पति या बेटा दुरुपयोग करते देखे जा सकते हैं।केवल कागजों में महिलाएं तरक्की कर रही हैं। लेकिन जमीनी हकीकत में उनका कहीं अस्तित्व नहीं है।ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत कुम्हरा में तैनात ग्राम विकास अधिकारी शालिनी वर्मा को ग्राम प्रधान मंजू देवी के पति अजीत कुमार लगातार ग़लत कार्य करने तथा पूर्व ग्राम विकास अधिकारी द्वारा बिना कार्ययोजना तैयार किए 45000 हजार निकाले जाने के मामले दबाने के लिए लगातार प्रयास कर? रहे हैं। दबाव में लेने को सारी हदें तब टूट जाती हैं।जब 25 सितम्बर को ब्लॉक सभागार में भी आम बैठक के दौरान प्रधानपति ने अपशब्दों का प्रयोग किया। तथा नौकरी लेने की धमकी दे डाली लेकिन फिर भी महिला अधिकारी ग़लत कार्य करने को तैयार नहीं हुयी तो तो आधा दर्जन अन्य ग्राम पंचायतों के प्रधान एवं उनके पतियों को ले जाकर आलाधिकारियों से झूठी शिकायतें करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़ित महिला अधिकारी ने महिला आयोग समेत आलाधिकारियों से शिकायत कर प्रधानपति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## कवि सम्मेलन उठो साथियों धर्म बिक न जाए, बहनों जागो निज शर्म बिक न जाए

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा




एटा- अविनाशी सहाय आर्य इंटर कॉलेज के सभागार में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। लखनऊ से पधारी हेमा पांडे ने कहां कभी खुद की तुम खुद समीक्षा न करना, बिना कर्म के फल की इच्छा न करना। हमीरपुर की रजनी श्रीवास्तव ने कहा 'जरा सी चोट पर हमने बिखर जाना नहीं सीखा, किया है सामना मुश्किल का डर जाना नहीं सीखा'।

शनिवार को कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विष्णु कांत पचौरी की पुण्यतिथि पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मैनपुरी के मनोज चौहान, आगरा के प्रांजल सिंह, कवि व पूर्व सांसद प्रोफेसर ओमपाल सिंह निडर ने ह्यकहा उठो साथियों धर्म बिक न जाए, बहनों जागो निज शर्म बिक न जाए'। सत्येन वर्मा, नागपुर के आचार्य सफर जौनपुरी, डॉक्टर अनिल बाजपेई आदि ने भी कविताएं सुनाएं। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉक्टर प्रेमी राम मिश्र, सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, पालिका अध्यक्ष सुधा गुप्ता, अधिवक्ता रमेश चंद्र राजोरिया, कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिकरवार, एसोसिएशन के सचिव गिरीश चंद शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, रामेश्वर प्रसाद पचौरी ने मां सरस्वती एवं विष्णु कांत पचौरी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण करके किया। कार्यक्रम के संयोजक दिलीप पचौरी, सह संयोजक ललित पचौरी एवं संयोजन समिति के सदस्यों को सम्मानित किया। ममतेश शाक्य, सचिन उपाध्याय, डॉक्टर दिनेश वशिष्ठ, डॉक्टर दिनेश प्रताप सिंह, प्रत्येंद्र पाल सिंह, राजेश यादव आर्य, उत्साह भारद्वाज, अनुराग उपाध्यक्ष, उमाशंकर मिश्रा आदि लोग मौजूद थे।

## गुरुकुल में नाबालिग छात्रों से काम कराये जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

क्यूँ न लिखूँ सच
श्याम जी कश्यप



फर्रुखाबाद गुरुकुल में नाबालिग छात्रों से काम कराये जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल गुरु विरजानन्द आर्य गुरुकुल में संस्कृत का ज्ञान लेने की जगह नाबालिग उठा रहे मलवा कर रहे आलू की छटाई भोलेपुर स्थित गुरुकुल स्कूल में नाबालिग बच्चों से कराई जा रही मजदूरी उठा रहे ईंटें बच्चे कर रहे काम नाबालिग बच्चों से गुरुकुल में आलू बीनने और मलबा साफ़ कराने का वीडियो हुआ वायरल गुरुकुल में बौद्धिक तथा आध्यात्मिक विकास की शिक्षा लेने की जगह मलबा साफ़ कर रहें बच्चे भोलेपुर के गुरु विरजानन्द आर्य गुरुकुल में बच्चों को शिक्षा ज्ञान कम्प्यूटर प्रशिक्षण यज्ञ योग व् संगीत वादन का प्रशिक्षण मिलना चाहिए वहां बच्चों से गिरे हुए कमरे का मलवा उठवाया जा रहा और बिनवाए जा रहें है आलू जिसमें कीटनाशक दबाइयों का भी छिड़काव भी कराया जा रहा है जिस तरह से ये वीडियो सामने आया है उससे गुरुकुल की शिक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं ये इस वक्त की बढ़ीं खबर है ज्ञान के मंदिर में मलबा साफ़ कर रहे हैं बच्चे फतेहगढ़ से मोहल्ला भोलेपुर स्थित गुरु विरजानन्द आर्य गुरुकुल स्कूल का मामला

## जन चौपाल आगामी आदेश तक स्थगित

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर-भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के कारण प्रत्येक मंगलवार कलेक्टोरेट में आयोजित होने वाले जन चौपाल को आगामी आदेश पर्यन्त स्थगित कर दिया गया है।

## नशे में धुत दबंगों ने पिकअप चालक को पीटा

क्यूँ न लिखूँ सच
राजू वर्मा



कन्नौज - सदर कोतवाली क्षेत्र के सढ़ियापुर गांव में नशे में धुत दबंगो ने रास्ता बंद कर दिया। रास्ते से गुजर रहे पिकप चालक ने रास्ता खोलने के लिये कहा तो चार दबंगो ने मिलकर उसे बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। किसी तरह जान बचाकर घर पहुंचे घायल को परिजन कोतवाली लेकर पहुंचे जहां से उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल भेज दिया गया। सदर के गोसाइदासपुर का कमलेश पिकप चलाता है। वह सुबह पास के ही पटियन गांव आलू लोड करने जा रहा था। जैसे ही वह दूसरे गांव सढ़ियापुर पहुंचा तो कुछ दबंग नशे में धुत होकर रास्ता बंद किए बैठे थे। जब उसने रास्ता खोलने को कहा तो दबंगो ने थोड़ी देर इंतिजार करने को कहा। थोड़ी देर बाद जब कमलेश गाड़ी से उतरकर रास्ता खोलने के लिये बढ़ा तो चारों ने उस पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। खून से लथपथ कमलेश किसी तरह भागकर अपने गांव पहुंचा और पिता को घटना बताई। बुजुर्ग पिता घायल बेटे को लेकर कोतवाली पहुंचा और हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने घायल को इलाज के लिये भेज कार्यवाही शुरू कर दी है।

## रंगमंचीय संस्था नक्श थिएटर के कलाकारों ने बिजनौर धामपुर में नाटक बीमार का मंचन कर धूम मचाई


क्यूँ न लिखूँ सच
श्याम जी कश्यप



फर्रुखाबाद- जिले की एकमात्र रंगमंचीय संस्था नक्श थिएटर के कलाकारों ने बिजनौर धामपुर में नाटक बीमार का मंचन कर धूम मचाई,नाटक को देखकर देर रात तक दर्शक हंस-हंस लोटपोट हुए। बीते दिन पूर्व संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नाट्यदीप संस्था के 23वें महात्मा विदुर राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव समापन में जिले के कलाकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुति देकर छाप छोड़ी। नाट्य महोत्सव की अंतिम संध्या में सआदत हसन मंटो के नाटक %बीमार% का मंचन अमित सक्सेना के निर्देशन में किया गया। नाटक बीमार एक ऐसे व्यक्ति पर लिखा हुआ है, जिसका नाम कुमार है और वो बीमार है और अपने एक नौकर माधव के साथ एक घर में रहता है। उसकी बीमारी में उसके कुछ मित्र, पड़ोसी और अनजान लोग उसके घर पर आते हैं उसकी बीमारी लिए अलग-अलग उपचार बताते हैं, जिससे कुमार और उसका नौकर बहुत परेशान हो जाते हैं, और अंत में स्थिति इतनी ज्यादा खराब हो जाती है कि कुमार अब और नये इलाज को सुनने के लिए तैयार नहीं होता और अपने पड़ोसी को भगाता है और पागल होकर नाचने लगता है। नाटक में परिस्थिति के अनुसार और बार-बार लोगों के आने-जाने से जो हास्य रस पैदा होता है, उससे दर्शक हंस-हंस लोट पोट हो गये। नाटक बीमार में कलाकार शैली, धीरज,विशाल पाठक, विशाल सिंह, सत्य, रोहित,अंकित,दिलीप आदि ने अपने अभिनय से दर्शकों को देर रात खूब गुदगुदाया। नाटक में मेकअप एवं ड्रेस अमित सक्सेना,सेट धीरज व सत्या, लाइट व साउंड अमित सक्सेना किया गया । कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी उ.प्र. प्रेस मान्यता समिति तथा ऑल इण्डिया एडिटर कांफ्रेंस में स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य ने कहा कि जिस समय पूरे देश में राजनैतिक नाटक चल रहा उस समय समय स्थिति का ध्यान रखते हुए सामाजिक विसंगतियों पर हास्य के माध्यम से कलाकारों ने अपने अभिनीत मंच से प्रहार किया है। संस्कृति विभाग भारत द्वारा सरकार महात्मा विदुर राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव नाट्यदीप संस्था के चार दिवसीय सांस्कृतिक सेमिनार नाट्य महोत्सव में दिल्ली हरिद्वार,बरेली,फर्रुखाबाद और धामपुर की नाट्य संस्थाओं ने अलग अलग नाटकों का मंचन किया । संस्था संरक्षक डॉ.आदित्य अग्रवाल अरुण अग्रवाल, संस्कार भारती के पूर्व सचिव मंजीत सिंह सलूजा,संदीपकुमार, डॉ.पुनीत नंदन,डॉ.कुशाग्र सक्सेना, नमन जैन, डी. एस. चौहान,उदयराज सिंह, सौरभ चौहान,नागेश्वर दयाल गहलौत, सरदार सतपाल सिंह चावला, राजवीर सिंह माथुर,मार्दव जैन,सचिन अग्रवाल वरिष्ठ पत्रकार अनिल कश्यप मौजूद रहे और कलाकारों के अभिनय की खूब प्रसंशा की ।

## नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री के पूजन के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

क्यूँ न लिखूँ सच
राजू वर्मा



कन्नौज - शारदीय नवरात्र को लेकर कन्नौज के बाजारों में रौनक नजर आयी। महिलाएं नवरात्र के लिये माता की मूर्तियां, चुन्नी व जेवर खरीदती हुईं नजर आयी। पूजा के लिये नारियल और व्रत के सामान की भी जमकर खरीदारी की गई। लम्बे सन्नाटे के बाद बाजार में रौनक लौटी तो दुकानदारों के चेहरे भी खिले खिले दिखे। दूसरी तरफ इत्र नगरी के देवी मंदिरों को भी नवरात्र पर विशेष रूप से सजाया गया है। यहां के सिद्धपीठ मां फूलमती देवी मंदिर में रोजाना हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन व पूजा करने के लिये उमड़ती है। जिसे लेकर मंदिर समिति ने आने जाने के रास्तों को विशेष रूप से बैरिकेड किया है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिये महिला पुलिसकर्मियों की भी यहां तैनाती की गयी है। मंदिर समिति के शेखर मिश्रा ने बताया कि शारदीय नवरात्र पर मां फूलमती देवी के दर्शन मात्र से ही दुख दूर हो जाते हैं। मंदिरों में मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ देखने को मिली श्रद्धालुओं में मां के दर्शन व पूजा करने के लिए घंटों लाइन में लगकर एक अलग जोश व उमंग देखने को मिला द्य मां के मंदिरों में भक्तों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जगह-जगह पुलिस बल तैनात दिखा मां के प्रति विशेष आस्था रख भक्तों ने जगह-जगह की मूर्ति स्थापना

## एडीजी जोन ने पुलिस लाइन में नवनिर्मित जिम व गेस्ट हाउस का फीता काटकर किया उद्घाटन

क्यूँ न लिखूँ सच
राजू वर्मा



कन्नौज - एडीजी जोन आलोक सिंह ने पुलिस लाइन में नवनिर्मित जिम व गेस्ट हाउस का उद्घाटन किया। एडीजी ने महिला सशक्तिकरण को लेकर शुरू हुये मिशन शक्ति अभियान के चौथे चरण की भी जानकारी ली। एडीजी बोले की चौथे चरण में महिला कानूनों की जानकारी देने के लिये गांव व वार्ड वार चौपाल शुरू करायी गयी है।

उन्होने जिम में पुलिसकर्मियों के बच्चों की शारीरिक दक्षता भी परखी।। अपने तय समय सुबह 10 बजे से करीब 2 गहनता देरी से कन्नौज पुलिस लाइन पहुंचे एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह ने सबसे पहले लाइन में नवनिर्मित गेस्टहाउस का उद्घाटन किया। गेस्ट हाउस का निरीक्षण कर उन्होने निर्माण की प्रशंसा की। इसके बाद एसपी पुलिस जिम का उद्घाटन करने पहुंचे। यहां पुलिसकर्मियों के बच्चों को साथ लेकर एडीजी ने जिम का फीता काटा। व्यायाम उपकरणों का भी एडीजी ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होने पुलिस कर्मियों के बच्चों की शारीरिक दक्षता भी परखी और उनसे व्यायाम भी करवाया। पत्रकारों से बात करते हुए वह बोले कि प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान का चौथा चरण शुरू हो चुका है। इस अभियान में शासन के सभी लोग ग्राम व वार्ड वार चौपाल लगाकर महिलाओं को महिला कानूनों की जानकारी दे रहे हैं और महिला अधिकारों को लेकर जागरुक भी कर रहे हैं। उन्होने मिशन शक्ति को लेकर एक बैठक भी की। जिम और गेस्ट हाइस निर्माण पर एसपी के कार्यों को जमकर सराहा और जल्दी ही दूसरे जिलों में भी इस तरह की शुरुआत कराने की बात कही।

## रिठौरा में मेडिकल स्टोर का नवाबगंज विधायक ने किया शुभारंभ



क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। नगर के मोहल्ला इन्द्रानगर में रविवार को गंगवार मेडिकल स्टोर का शुभारंभ नवाबगंज विधायक डाक्टर एमपी आर्या ने फ़ीता काटकर किया। इस मौके पर श्री आर्या ने कहा नगर में अब तक साधारण दवाएं ही मिलती थीं। चर्मरोग सम्बन्धी दवाओं के लिए शहर जाना पड़ता था। लेकिन अब यह सब रिठौरा में ही मिल जाएंगी। मेडिकल संचालक नरेश बाबू गंगवार, हैप्पी गंगवार ने बताया हमारे यहां शहर के चर्मरोग विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा लिखी गईं। दवाएं भी मुनासिब दामों में आसानी से मिलेंगी।इस मौके पर पूर्व चेयरमैन राकेश कुमार उर्फ आर के कश्यप,सभासद प्रताप पटेल, पूर्व सभासद पप्पू कश्यप, पूर्व प्रधान सिथरा मुनेन्द्र गंगवार, देशराज कश्यप, ओमकार सिंह,नानक चंद, देवेन्द्र गंगवार, इकरार अंसारी,मोनू गंगवार, धर्मेंद्र गंगवार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## एसपी ने कानून व्यवस्था सुधारने के लिए इंस्पेक्टर और दरोगाओं के कार्य क्षेत्र में किया बदलाव

क्यूँ न लिखूँ सच-राजू वर्मा

कन्नौज - एसपी अमित कुमार आनंद ने एक बार फिर इंस्पेक्टर और दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। 4 दिन से खाली चल रही छिबरामऊ कोतवाली एसपी ने नरेंद्र सिंह को सौंपी है। छिबरामऊ के तात्कालिक कोतवाल इंसेक्टर अजय कुमार पाठक का गैरजनपद तबादला हुआ था। उनके जाने के बाद अभी तक एसएसआई के जिम्मे छिबरामऊ कोतवाली थी। छिबरामऊ के नये कोतवाल नरेंद्र सिंह अभी तक शिकायत प्रकोष्ठ के प्रभारी थे। उनकी जगह शिकायत प्रकोष्ठ का प्रभारी हरिशंकर शर्मा को बनाया गया है। एसपी ने विशेष जांच प्रकोष्ठ प्रभारी भगवती प्रसाद मिश्रा को कोर्ट सुरक्षा का जिम्मा सौंपा है। लाइन हाजिर चल रहे विनय कुमार विशेष जांच प्रकोष्ठ प्रभारी बनाये गये हैं। एसपी अमित कुमार आनन्द लगातार इंस्पेक्टर और दरोगाओं की तैनाती में फेर बदल कर रहे हैं। वह नये थाने सकरावा में भी लगातार पुलिस कर्मियों को तैनात कर रहे हैं। साथ ही जरा सी लापरवाही पर कार्यवाही करने में भी नही चूक रहे हैं। उनकी सख्त कार्यशैली के चलते जिले के थानों में काफी सुधार नजर आने लगा है।

## APF नेपाल और सशस्त्र सीमा बल के बीच बालीबाल मैत्री खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती निरुपेश कुमार, उप कमान्डेंट (कार्यवाहक कमान्डेंट) 62वीं वाहिनी स.सी.ब. भिनगा के दिशा-निर्देश एवं तरुस्मा कैम्प प्रभारी निरीक्षक मान बहादुर गुरुंग के नेतृव में नेपाल APF एवं 'जी' समवाय तरुसमा के जवानों के बीच तरुस्मा कैम्प में मैत्रीपूर्ण वॉलीबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 7इस दौरान सर्वप्रथम मैच की शुरुआत तरुसमा कैम्प प्रभारी निरीक्षक मान बहादुर गुरुंग के द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात खेल प्रारम्भ किया गया 7 इस मैच में 'जी' समवाय तरुसमा के खिलाडियों ने क्कन्न नेपाल के खिलाडियों को कड़ी टक्कर देते इस प्रतियोगिता को 3-0 से विजयी रही 7इन खेलों का प्रमुख उद्देश्य, देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले एसएसबी जवानों को याद करना, दोनों देशों के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत एवं संबंधों को कायम रखना, दोनों सशस्त्र बलों के बीच आपसी सामंजस्य और तालमेल को मजबूत करना, बल में अच्छे खिलाड़ियों की तलाश कर उनके खेल प्रतिभा को निखारना, खेलों को बढ़ावा देना है

इस अवसर पर SSB की ओर 'जी' समवाय तरुस्मा कम्पनी कमांडर निरीक्षक मान बहादुर गुरुंग साथ मुख्य आरक्षी अप्पू सरकार, मुख्य आरक्षी सुजीत घोष, आरक्षी आभूषण, भूपेंद्र व् अरुण और नेपाल क्कन्न से मुख्य आरक्षी प्रेम कार्की, सहायक मुख्य आरक्षी उमेश राजगिरी, दीपक ओली, मोहन खत्री व् अन्य उपस्थित रहे 7

# शब्द दर्पण परिवार का कवि सम्मेलन आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर




अलीगढ़ -अलीगढ़ शब्द दर्पण साहित्यिक समूह के तत्वाधान में एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से मथुरा से आये आचार्य मूलचंद शर्मा %निर्मल% ने किया। वरिष्ठ हास्य कवि अनिल सोलंकी बेधड़क ( शिकोहाबाद ) व हास्य के बेशकीमती हस्ताक्षर देवेंद्र दीक्षित शूल जी ( सिकंदराराऊ ) ने हास्य से सभी को लोटपोट कर दिया। श्रृंगार के सरताज विपिन कुमार शर्मा ( कासगंज ) ने सभी को अपनी रचनाओं से मोहित किया। श्रृंगार की धनी डॉ मनीषा गिरी ( ग्वालियर, मध्यप्रदेश ) व सोनिया सोनी ( भिलाई, छत्तीसगढ़ )ने मंत्रमुग्ध कर लिया। कवि व गीतकार रवेंद्र पाल सिंह रसिक ( मथुरा ) , आचार्य मूलचंद शर्मा निर्मल ( मथुरा ),कुँ प्रवल प्रताप सिंह राणा %प्रवल% ( ग्रेटर नॉएडा ) व आशा झा( दुर्ग, छत्तीसगढ़ ) ने आध्यात्मिक गीत सुनाकर हृदय जीत लिया। सामाजिक चिंतन के कवि प्रणीत सुशील सौम्य ( गुरुग्राम हरियाणा ) , कवि डॉ संजीव चौहान शारिक ( आगरा ) , पूनम सारस्वत ( अलीगढ़ ), डॉ अखिलेश कुमार ( फिरोजाबाद ), मिताली वर्मा ( भिलाई छत्तीसगढ़ ), रिषभ सागर ( बड़ोदरा, गुजरात ), बली बुलंदशहरी ( बुलंदशहर )गजलकारा डॉ बीना सिंह रागी ( भिलाई, छत्तीसगढ़ ) ने ग़ज़ल सुनाई तो ओज के कवि भानुप्रताप सिंह तोमर ( आगरा ), विवेक भट्ट आशा परशुराम ने अपने काव्य पाठ से ओज को प्रदर्शित किया। मंच का संचालन कुँ प्रवल प्रताप सिंह प्रवल ने किया। इस मौके पर ओम प्रकाश सिंह राणा, अमर पाल सिंह भदौरिया, नबाब सिंह, अंकित सिंह, प्रशांत, मास्टर के पी सिंह सक्षम व वर्तिका सिंह आदि उपस्थित रहे। शब्द -शब्द दर्पण साहित्यिक संस्था के संस्थापक मानव सिंह राणा %सुओम% ने पिताजी पर कविता सुनाई और सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस समारोह में बहु प्रतिक्षित पुस्तक बोल बटोही का विमोचन भी किया गया।

# मिशन शक्ति-4 अभियान के तहत निकाली गई ''महिला सशक्तीकरण रैली

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल




श्रावस्ती ,महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व लोक भवन, लखनऊ से मिशन शक्ति फेज-4 विशेष अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं मंत्री, महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग, श्रीमती बेबी रानी मौर्या द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम के तहत जिले में विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाधिकारी कृतिका शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह एवं अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने ''मिशन शक्ति फेज-4'' महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं नारी स्वावलंबन अभियान का शुभारम्भ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण को भी देखा व सुना गया। इस अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त तहसीलो, ब्लाकों, पंचायतों, शहरी निकायों व थानों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने का प्रशिक्षण, सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूकता प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बी बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। महिलाओं के प्रति अपराधों को नियंत्रित करने के लिए इस कार्यक्रम की शुरूआत की गयी है। इस अभियान के तहत महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध को नियंत्रित करने के लिए जीरो टालरेंस पर कार्य करके उन्हें न्याय दिलाया जा रहा है। जिससे वे समाज में कदम से कदम मिलाकर चल सके और सफलता की उंचाईयों को प्राप्त कर सके।कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नारी के सम्मान से ही देश का गौरव बढेगा। मिशन शक्ति-4 अभियान के तहत महिला थाना से ''महिला सशक्तीकरण रैली'' निकाली गई, जिसे विधायक भिनगा इंद्राणी वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली महिला थाना से प्रारम्भ होकर ईदगाह तिराहा होते हुए वृद्धाश्रम भिनगा तक निकाली गई।

# नगर निगम के ग्रुप में फिलीस्तीन को समर्थन करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाए-राकेश कुमार

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने घोर आपत्ति जताते हुए कहा है के नगर निगम के ग्रुप में फिलिस्तीन के समर्थन में पोस्ट डालने वाले के खिलाफ हो कठोर कार्रवाई नगर निगम में ऐसा कौन सा व्यक्ति है जो फिलीस्तीन को समर्थन दे रहा है नगर निगम के अधिकारी तत्काल कार्रवाई करें अन्यथा किसान इसका घोर विरोध करेंगे नगर आयुक्त से आग्रह किया है तत्काल इस व्यक्ति के खिलाफ देशद्रोही का मुकदमा कम हो गिरफ्तारी हो भाजपा किसान मोर्चा के कद्दावर नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि फिलिस्तीन का समर्थन नगर निगम के ग्रुप में जो किया गया है यह देशद्रोही शब्द है नगर आयुक्त महोदय जानकारी मांगने से काम नहीं बनेगा इसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई करो अगर कार्रवाई नहीं होती है तो इसका तीखा विरोध किया जाएगा यह तो एक व्यक्ति है ऐसे और भी व्यक्ति इस नगर निगम में हो सकते हैं डीएम एस एसपी से आग्रह किया जाता है इस व्यक्ति पर कठोर कार्रवाई हो

# नाबालिग किशोरी को भगाने के मामले में दोषी को सुनाई सजा

क्यूँ न लिखूँ सच-लंकीन प्रसाद वर्मा

श्रावस्ती- श्रावस्ती अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ( रेप अलांग विद पॉक्सो एक्ट कोर्ट ) श्रावस्ती ने नाबालिग किशोरी को भगाने के मामले में दोषी अभियुक्त को सुनाई सजा और दिया आर्थिक दंड.. विशेष लोक अभियोजक रोहित गुप्ता के अनुसार दिनांक 16 मार्च 2019 को थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी जब घर में अकेली थी उसके पिता मजदूरी करने बाहर गए हुए थे तथा उसकी माता खरगौरा मोड़ पर घरेलू सामान की खरीदारी करने आई हुई थी इसी बीच मौका पाकर दद्दन उर्फ कृष्ण कुमार ने किशोरी को बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया और जब उसकी मां शाम को घर वापस आई तो लड़की घर में नहीं मिली तो उसने कई जगह पूरी रात तलाश किया तब उसके नाबालिग लड़के छबीले ने और गांव के छोटे बच्चों ने बताया कि उक्त किशोरी को दद्दन के साथ जाते हम लोगों ने देखा है। फिर भी किशोरी की मां उसे तलाशती रही न मिलने पर थाने में प्रार्थना पत्र दिया परंतु उसके प्रार्थना पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं की गई । तब न्यायालय के आदेश पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई। विवेचना हुई विवेचना उपरांत आरोप पत्र दद्दन उर्फ कृष्ण कुमार के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय पर प्रेषित किया गया ।मामले का विचरण करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ( रेप अलांग विथ पॉक्सो एक्ट कोर्ट )श्रावस्ती श्रीमती करुणा सिंह ने लोक अभियोजक रोहित गुप्ता व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनकर अभियुक्त दद्दन उर्फ कृष्ण कुमार को 4 वर्ष के कारावास एवं ?5000 के आर्थिक दंड से दंडित किया तथा जरिए सजायाबी वारंट उसे सजा भुगतने के लिए जिला कारागार बहराइच/ श्रावस्ती भेज दिया।

# संज्ञान में आने के बाद महिला अनाथालय पहुंची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम, बच्ची से छेड़छाड़ पर कार्रवाई की ली विस्तृत रिपोर्ट

क्यूँ न लिखूँ सच
सत्यम शर्मा




बरेली - उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के आदेशानुसार तथा माननीय जनपद न्यायाधीश श्री विनोद कुमार के दिशा निर्देशन में बरेली शहर में महिला सुरक्षा संबंधी कानून के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली द्वारा लगातार महिला अपराध को रोकथाम और बाल संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान किया जा रहे हैं और जिन महिलाओं को तत्काल विधिक सहायता की आवश्यकता है उनको जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली के अपर जिला जज श्री निर्दोष कुमार द्वारा तत्काल मदद उपलब्ध कराई जा रही है। अपर जिला जज सचिव श्री निर्दोष कुमार ने बताया कि आज दिनांक 15 अक्टूबर 2023 को समाचार पत्रों में छुपी खबर का संज्ञान लेते हुए अनाथालय में मासूम बच्ची के साथ हुई छेड़छाड़ पर अवकाश के दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली द्वारा पैरा लीगल वालंटियर श्रीमती सपना द्विवेदी और पैनल अधिवक्ता श्रीमती जया जौहरी की एक टीम गठित कर महिला अनाथालय का तत्काल निरीक्षण कराया गया और मासूम बच्ची से छेड़छाड़ के आरोपी के खिलाफ हो रही जांच की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली द्वारा पैरा लीगल वॉलिंटियर्स की को तत्काल उन क्षेत्रों में भेजा जाता है जहां किसी महिला के साथ कोई अप्रिय घटना या नाबालिक मासूम बालक बालिकाओं के साथ कोई भी छेड़छाड़ जैसी घटना घटित की जाती है।

बताया गया कि मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ के आरोपी अनाथालय प्रधान ओमकार आर्य के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 354 और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा9/10 के तहत थाना कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। अपर जिला जज सचिव श्री निर्दोष कुमार ने बताया कि शहर में महिला अपराधों में तत्काल विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली द्वारा लगातार कड़े कदम उठाती रहेगी ।।

# धम्मदीक्षा दिवस पर अशोक मित्र बुद्ध विहार में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच





रिठौरा ।बुद्ध विहार में रविवार को धम्म-दीक्षा के मौके पर रविवार को पर गुरू अशोक मित्र बुद्ध विहार जनकल्याण समिति द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशाल बाबू एडवोकेट, मंडल प्रभारी भीम आर्मी ने बुद्ध के पंचशील-मार्ग की जीवन में महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बाबा साहब द्वारा दिखाए गए धम्म के रास्ते पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने बाबा साहब के शोषण और भयमुक्त समाज की स्थापना के सपने को पूरा करने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता अतुल वाल्मीकि ने डॉ अम्बेडकर द्वारा महिलाओं के हक के लिए किए गए संघर्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिलाओं से धम्म के मार्ग पर चलने की अपील की और कहा कि बिना महिलाओं व युवाओं की भागीदारी के अत्याचारी शासन से मुक्ति संभव नहीं है। जिला उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने धम्म के मानव कल्याण में महत्व को बताया और बुद्ध धम्म के बुद्ध धम्म की क्या पहचान- मानव-मानव एक समान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में अमित प्रियदर्शी, हर्षित आदि ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए
एवं बच्चों ने बुद्ध व बाबा साहब के प्यार, मैत्री व समानता का संदेश देने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर अपनी प्रस्तुति दी। इस मौके पर एडवोकेट जसवीर सिंह राणा,द्वारिका प्रसाद, हेतराम बौद्ध, सीताराम, काजल, नीतू, लीलावती, मंजू, कमला, वंदना, शारदा, प्रभा आदि उपासक-उपासिकाएं मौजूद रहे।

# ए. आर. बिल्डर×प्रमोटर्स रीवा, नवरात्रि धमाका ।इस नवरात्रि फ्री रजिस्ट्री ( स्टाम्प ड्यूटी मुफ्त )

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी



रीवा शहर में ब्यवस्थित आवासीय निर्माण हेतु ए आर बिल्डर एक अहम् भूमिका निभा रहा है, संस्था के चेयरमैन श्री गंगा सिंह के द्वारा बताया गया की इस नवरात्री में संस्था द्वारा अपने ग्राहकों को एक विशेष उपहार के रूप में फ्री रजिस्ट्री की सुविधा दी गयी है, अर्थात जो भी रजिस्ट्री नवरात्री में 9 दिन होंगी, उनका रजिस्ट्री खर्च ( सम्पूर्ण स्टाम्प ड्यूटी )संस्था द्वारा दी जावेगी। अत: संस्था प्रमुख श्री गंगा सिंह द्वारा सभी से विनम्र अपील की गयी है की, नवरात्री धमाके का अधिक से अधिक लाभ उठाये। फाइनेंस इकाई प्रमुख श्री राजकुमार शर्मा एवं बैंक प्रतिनिधि श्री आशुतोष तिवारी नें बताया की यह ऑफर फाइनेंस प्रॉपर्टी पर भी मान्य होगा, अगर कोई प्लाट फाइनेंस कराता है, तो भी उसका रजिस्ट्री खर्च, नवरात्री में संस्था द्वारा दिया जावेगा। साथ ही यह ऑफर घर खरीदने पर भी लागू है।अगर आप ए आर बिल्डर से घर इस नवरात्री में खरीदते है तो उसकी रजिस्ट्री का खर्च संस्था द्वारा वहन किया जायेगा। नवरात्री धमाके का लाभ उठाये, और करें अपने सपने साकार.. ए. आर. बिल्डर के साथ।

# 70 त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के द्वारा रमाशंकर पटेल को दिया गया टिकट जबकि ये दो बार हार चुके हैं

क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा



त्योंथर से कांग्रेस पार्टी ने अपने उम्मीदवार रमाशंकर पटेल को घोषित कर चुकी है वहीं अभी भारतीय जनता पार्टी अपने उम्मीदवार की घोषणा अभी नहीं की है वहीं बताया जाता है की बी जे पी से सिद्धार्थ तिवारी को टिकट मिलने की उम्मीद है वही वर्तमान विधायक श्यामलाल दुवेदी ,भी दावेदारी कर रहे हैं वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री रमांकान्त तिवारी ,के पुत्र कौशलेश तिवारी ,उर्फ तिवारी लाल , अपनी दावेदारी ,कर रहे हैं और बी जे पी त्योंथर विधानसभा क्षेत्र से तभी जीत हासिल कर सकती है जब बी जे पी से कौशलेश तिवारी ,या श्यामलाल द्विवेदी ,को टिकट मिला तो त्योंथर में बी जे पी की जीत तय है अन्यथा त्योंथर से बी जे पी का अन्त हो जाएगा और कांग्रेस अपनी जीत हासिल कर लेगी वहीं कांग्रेस से रमाशंकर पटेल दो बार हार चुके हैं हो सकता है कि इस बार जीत हासिल हो जाए वहीं पूर्व लोकसभा प्रत्यासी सिद्धार्थ तिवारी का कांग्रेस से वगावत करना कांग्रेस को पड सकता है भारी त्योंथर विधानसभा क्षेत्र का चुनाव इसबार बहुत ही पेंचीला है वहीं निर्दलीय चुनाव लड़ने वालों की कोइ गिनती ही नही है

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर, विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

# जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी

क्यूँ न लिखूँ सच
सत्यम शर्मा



बरेली- जिलाधिकारी ने आज जिला अस्पताल पहुंच कर इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया तथा वहां पर भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य से सम्बन्धित तथा उपचार, डॉक्टरों की उपलब्धता, भोजन अस्पताल से मिलता है या परिवार वाले लाते आदि के बारे में व्यापक जानकारी ली। जिस पर मरीजों द्वारा बताया गया कि यहां पर उनके उपचार हेतु समय से डॉक्टर आ रहे हैं व समय पर दवाईयां तथा खाना भी उपलब्ध हो रहा है। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड का भी निरीक्षण किया और भर्ती मरीजों का हाल चाल पूछा। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विश्राम सिंह को निर्देश दिये कि अस्पताल की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये तथा मरीज़ो हेतु साफ-सुथरा बिस्तर व चादर आदि का प्रयोग किया जाए। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी प्रशासन दिनेश , मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विश्राम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ अलका शर्मा सहित सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# Such symptoms mean that you are deficient in Vitamin D, you can get benefits by consuming these things.


To keep the body healthy and fit, it is important that you take full care of the nutritional value of your diet. Vitamins, minerals and nutrients can be easily supplied through nutritious diet. Studies have found that Vitamin D is very essential for our body. Vitamin D plays an




important role in maintaining the strength of bones and increasing the body's immunity. Its deficiency can be problematic in many ways. Vitamin D deficiency can cause problems for your bones and muscles. Apart from this, your risk of osteoporosis also increases along with fractures. Let us know why Vitamin D is important for us and how it can be fulfilled? Need of Vitamin D- Vitamin D is very essential for our body which our body uses for the normal development and maintenance of bones. Vitamin D is also very important for your nervous system, musculoskeletal system and immune system. It plays an important role in maintaining the balance of calcium in your blood and bones. Vitamin D is also necessary to promote the absorption of essential nutrients like calcium and phosphorus. What happens due to vitamin D deficiency? Anyone can have vitamin D deficiency, including infants, children and adults. Severe vitamin D deficiency in children can lead to rickets, which can lead to bowed or bent bones, along with muscle weakness and joint deformity. However, the symptoms of vitamin D deficiency in adults are not as obvious. Some people may be prone to problems like fatigue, bone pain, mood swings and depression. Identify with these symptoms - If you often feel tired, there is pain in your bones, there is weakness in muscles or there are changes in mood, then it is a sign that there is something abnormal in your body. Deficiency of Vitamin D can affect the absorption of calcium, in such a situation you have a higher risk of bone related disorders. Due to Vitamin D deficiency, immunity also becomes weak, due to which you also have the risk of falling ill quickly. Maybe. How to get Vitamin D? The requirements of this vitamin can be easily met through diet. For this, fatty fish, mushrooms, eggs, cod liver oil can be consumed. It can also be fulfilled by cow's milk, soy-almonds, oranges along with dairy products. Sunlight is the best source of obtaining Vitamin D, one must spend some time in the sun daily in the morning.

# Useful news: Death certificate is also an important document, know how you can get it made if needed.

Whenever you go to get any government or non-government work done, you will need many types of documents. However, in today's time Aadhar Card is the most important document.




It is required for almost every work, but many people do not know that death certificate is also one of the most important documents. Actually, if the deceased person has any policy, has deposited money in the bank or has made any other investment, then to claim all these you need a death certificate. In such a situation, if you also want to get someone's death certificate made, then you can know the method here. So let us know. Don't forget these things:-If any of your loved ones has passed away, then in such a situation, to get the death certificate made, you have to apply within 21 days of the death. After this, this document gets prepared within 5 to 7 days. This is the process:- Step 1- If you want to get someone's death certificate made, then first of all you have to go to the website of the Municipal Corporation or to the local registrar. in the office Go there and take the form for making death certificate and fill it. Step 2 After this you have to attach copies of some documents with this form. These include Aadhar Card, Ration Card, Local Residence Certificate, proof of your relationship with the deceased, date and time of death along with date of birth etc. Step 3- Now take the prepared form and submit it to the Registrar/Sub Registrar's office. Then further process will take place and if everything is found correct, a death certificate is prepared.

# According to Ayurveda, consuming these things together can cause great harm to the body.

World Food Day 2023 To stay healthy, it is very important to adopt healthy eating habits and lifestyle. These two have a very deep connection with each other. Special rules of eating habits have been prescribed in Ayurveda, with the help of which you can keep your body healthy for a long time. Let us know about some such rules in detail. World Food Day is celebrated



every year on 16 October. The purpose of celebrating this festival is to make the people suffering from hunger aware and to give them information about nutritious food. Know what is unhealthy diet and its disadvantages. We will often see elders in our homes interrupting us regarding eating habits, saying that we should eat at the right time. Eat right and eat right food, but we have breakfast, lunch and dinner as per our busyness and convenience. We do not notice its impact on health until we become victims of some disease. Ayurveda has special rules for eating, what not to eat in which month, till what time to take it, what not to eat with which food and many other things. By following these you can live a healthy life for a long time. First of all, you should know that eating healthy means having a balanced diet, which means your food should include everything from protein to fiber, carbohydrates, minerals because the body needs all these nutrients to function. Along with this, another most important thing is to know about anti-diet. Meaning such things which if eaten together can cause harm to health instead of benefit. What is this anti diet? There are many things in food, eating them together is beneficial for health, while eating some things together is harmful for the body. Some food combinations create a new thing in the body, which can become the cause of many serious diseases. These are called anti-diet. In Ayurveda, 'adverse diet' has been said to be the cause of some serious diseases, such as - Obesity - Flatulence - White spots on the skin - Constipation - Pain and swelling in joints (rheumatoid arthritis) - Thinness - Hair fall or baldness. - Skin related problems - Weak vision before the age of 60 - Sore throat - Anemia - Diarrhea - Swelling in the body - Acidity, sour belching - Effect on fertility It is possible to cure most of these diseases. By giving up unfavorable food.

# Immunity can be strengthened with these Ayurvedic medicines, use these herbs

Immunity i.e. resistance to disease is important for health. It is part of your body's defense system that helps protect against diseases and infections. A strong immunity acts as a shield against diseases and infections such as bacteria, viruses and fungi. There are many ways to strengthen immunity. Immunity can be increased by making positive changes in your lifestyle, paying attention to your diet and through exercise and yoga. However, there are also Ayurvedic measures to strengthen immunity. Immunity can also be strengthened by using some herbs and spices kept at home with miraculous benefits. Let us know about Ayurvedic medicines to increase immunity, which are found in almost every house. And they are easily available for very little money. Consumption of these medicines not only strengthens immunity but is also effective in many other diseases. What is Ayurveda - Ayurveda is an ancient Indian medical system which helps in maintaining balanced physical, mental and spiritual health. The literal meaning of Ayurveda is 'Ayur' meaning life and 'Veda' meaning knowledge. According to Ayurveda, a person's health depends on the balance of his body, mind and soul. In this system, herbs, diet, pranayama, yoga and meditation etc. are used for treatment. Ayurvedic remedies to increase immunity - Many natural and Ayurvedic remedies are suggested in Ayurveda to increase immunity. These remedies can help boost your physical, mental, and spiritual health. Here are some Ayurvedic suggestions: Basil – Basil has properties like anti-oxidant, anti-bacterial, anti-viral, anti-flu, antibiotic, anti-inflammatory, vitamin A, vitamin C, zinc, calcium and iron. , which are very beneficial for health. Basil leaves can help in increasing immunity. You can make a decoction of basil leaves or consume basil leaves on an empty stomach in the morning. Giloy- Giloy is a natural medicine which is known to increase immunity. You can consume Giloy extract (Giloy juice). During the Covid period, people were getting infected with Corona virus due to weak immunity. During that time, the consumption of Giloy had increased to strengthen immunity. Amla- Vitamin C is found in abundance in Amla. It is rich in many nutrients like antioxidants, calcium, iron, potassium, flavonoids and fiber, which protect the body from diseases. Amla can be consumed in many ways to increase immunity. Can be consumed with fresh raw Amla or honey. Turmeric- Use of turmeric is mandatory in the kitchen of Indian homes. Turmeric is available in every house. Apart from changing the color of food, it is also effective for health. The nutrients found in turmeric help in keeping the immune system healthy. Drinking warm milk mixed with turmeric powder can be a good way. Ashwagandha- Ashwagandha is a natural Ayurvedic herb that can help in reducing stress and boosting immunity. Ashwagandha has antioxidant, anti-inflammatory and anti-bacterial properties as well as fiber, protein, energy, carbohydrates, iron, calcium and vitamin C in abundance.



